संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com    Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 165 शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2024 नागपुर दक्षिण-पश्चिम जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर फडणवीस को किया तलब

**नागपुर,17अप्रैल 2025(ए)।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में तलब किया है। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की बेहद



रोमांचक लड़ाई में देवेंद्र फडणवीस कांग्रेस के प्रफुल्ल गुड्डे के खिलाफ विजयी हुए। चुनाव में पराजित हुए कांग्रेस उम्मीदवार प्रफुल्ल गुड्डे ने याचिका दायर कर अदालत से चुनाव परिणाम को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया।गुड्डे नागपुर दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में फडणवीस से 39,710 मतों से हार गए। समन का जवाब 8 मई तक देना होगा।

### पश्चिम बंगाल में पुलिस पर बांग्लादेशी युवक ने किया हमला?



**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा के बाद हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। हिंसा में तीन लोगों की जान गई थी और सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया था। पश्चिम बंगाल पुलिस ने हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने और मामले की जांच के लिए 9 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। लेकिन, इस बीच सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल है। इस तस्वीर में एक शख्स, एक पुलिसकर्मी को जबड़े से पकड़े हुए दिख रहा है।

### सीडीएससीओ ने 35 अनधिकृत फिक्स्ड डोज दवाओं की बिक्री और निर्माण पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ड्रग कंट्रोल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 35 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को तत्काल प्रभाव से रोकें। इनमें दर्द निवारक, पोषण सप्लीमेंट और मधुमेह की दवाएं शामिल हैं।

### अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे राहुल गांधी,ब्राउन यूनिवर्सिटी में देंगे भाषण



**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वे प्रतिष्ठित ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे और छात्रों व संकाय सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने बताया कि राहुल गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। वहां वे विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे और विश्वविद्यालय समुदाय के साथ संवाद करेंगे।

### तीन बच्चों की हत्या कर मां-बाप ने की आत्महत्या की कोशिश



**जोधपुर,17अप्रैल 2025(ए)।** संभाग के फलोदी क्षेत्र के कालू पाबूजी गांव में सोमवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक दंपति ने पहले अपने तीन बच्चों को ज़हर देकर बेहोश किया, फिर धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी। इसके बाद पति-पत्नी ने खुदकुशी की भी कोशिश की, लेकिन समय रहते बचा लिया गया। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 12 वर्षीय हरीश, 9 वर्षीय किरण और 2 साल की बच्ची नत्थू के रूप में हुई है।

# अगले आदेश तक वक्फ में कोई नई नियुक्ति नहीं

- » सरकार के लिए हैं कई पाबंदियां...
- » एससी ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर केंद्र को 7 दिन का समय दिया...
- » सुप्रीम कोर्ट में 72 याचिकाएं एक्ट की वैधता को चुनौती दे रही हैं...
- » वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सियासी हलचल को बढ़ा सकता है...




**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम आदेश जारी करते हुए केंद्र सरकार की कार्रवाइयों पर कुछ बेहद जरूरी पाबंदियां लगा दी हैं। इस आदेश के तहत सरकार अब नए कानून के कुछ हिस्सों को लागू करने में असमर्थ होगी। कोर्ट ने सरकार को 7 दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, और अगली सुनवाई 5 मई 2025 को निर्धारित की है। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था कि उन्हें कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब देने के लिए एक हफ्ते का समय दिया जाए, जिसके बाद अदालत ने उन्हें वक्त दिया।

#### हाल ही में अधिसूचित हुआ था नया कानून

बता दें कि केंद्र ने हाल ही में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को अधिसूचित किया था। इस अधिनियम को दोनों सदनों में तीखी बहस के बाद संसद से पारित होने के बाद 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई थी। राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में 128 और विरोध में 95 सदस्यों ने वोटिंग की थी। वहीं, लोकसभा में इसके पक्ष में 288 औक विरोध में 232 वोट पड़े थे। इस तरह यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो गया था

#### मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं

वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा, अंतरिम राहत के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं। कोर्ट ने लगभग वे सभी मुद्दे उठाए जो हमने संसद में उठाए थे। आज के फैसले से पता चलता है कि यह कानून संविधान के खिलाफ बनाया गया है। यह संविधान की जीत है, किसी पक्ष की नहीं। आने वाले दिनों में कोर्ट और राहत देगा और सरकार की जमीन हड़पने की साजिश को रोकेगा।

#### सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई 72 याचिकाएं

एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी,ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (ए आई एम पी एल बी),जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद की याचिकाओं सहित 72 याचिकाएं अधिनियम की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के प्रमुख बिंदु

**कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि वक्फ संशोधन कानून के तहत निम्नलिखित कार्यों पर अगली सुनवाई तक रोक रहेगी...**

**वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में नई नियुक्तियां:** नए कानून के प्रावधानों के तहत वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में किसी भी तरह की नई नियुक्ति नहीं की जा सकेगी। इसका मतलब है कि गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति सहित कोई भी नया बदलाव फिलहाल संभव नहीं होगा।

**वक्फ संपत्तियों की स्थिति में बदलाव पर रोक:** कोर्ट ने आदेश दिया है कि वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ-बाय-डीड के तहत घोषित किसी भी संपत्ति का वक्फ दर्जा नहीं हटाया जा सकेगा। इसका मतलब है कि ऐसी संपत्तियों को सरकारी जमीन घोषित करने या उनके स्वामित्व में किसी तरह का बदलाव करने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक रहेगी।

**जिलाधिकारी की जांच पर अस्थायी रोक:** नए कानून में प्रावधान है कि वक्फ संपत्ति पर विवाद होने की स्थिति में जिलाधिकारी जांच पूरी होने तक इसे वक्फ संपत्ति के रूप में मान्य नहीं करेगा। कोर्ट ने इस प्रावधान को लागू करने पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिससे ऐसी संपत्तियों की स्थिति यथावत रहेगी।

**यथास्थिति बनाए रखने का आदेश:** कोर्ट ने वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के मौजूदा ढांचे और वक्फ संपत्तियों की स्थिति में किसी भी तरह के बदलाव पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया।

### याचिकाकर्ताओं की मांग और विपक्ष का रुख

असदुद्दीन ओवैसी,ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड,जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम,कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद की याचिकाओं सहित 72 याचिकाएं अधिनियम की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करता है। विपक्ष ने इसे असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण करार देते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की थी।

# नक्सलियों के खिलाफ फिर बड़ा एक्शन

### सुरक्षाबलों ने ध्वस्त किए 11 बंकर, 7 आईईडी बम बरामद

**रांची,17अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रह हैं, जिसके तहत नक्सली संगठन को एक के बाद एक बड़ा झटका लगा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के पड़ोसी राज्य झारखंड में भी नक्सलियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया।

छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बताया जा रहा है कि पश्चिम सिंहभूम जिले के कोल्हान और सारंडा में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के 11 बंकरों को ध्वस्त कर दिया है।



#### नक्सलियों को अंतिम चेतावनी

इसके साथ ही 7 आईईडी बम भी बरामद किए गए। इसके अलावा सुरक्षाबलों में खराबेरा से भी दो आई ई डी बम बरामद किए हैं। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि सुरक्षाबलों का ये नक्सल विरोधी अभियान अब भी जारी है। बता दें कि केंद्र सरकार अब नक्सलियों को बिलकुल भी बख्शने के मूड में नहीं है। खुद गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों को अंतिम चेतावनी दे चुके हैं।

#### 11 बंकर और 6 मोर्चों को किया ध्वस्त

अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके से 11 नक्सली बंकर और 6 मोर्चों को भी ध्वस्त किया। बरामद बंकरों का आकार 25 गुना 35 फीट, 20 गुना 25 फीट और 15 गुना 20 फीट का था, जिनमें नक्सली नेताओं के ठहरने की व्यवस्था थी। बंकरों से भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेरकर लगातार कार्रवाई कर रही है। सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही पिछले 6 महीने में 150 से ज्यादा नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया है। अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी नक्सलियों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है।

# उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका की भूमिका पर उठाए सवाल



### राष्ट्रपति को निर्देश देना असंवैधानिक

**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत सुप्रीम कोर्ट को केवल संविधान की व्याख्या करने का अधिकार है और वह भी कम से कम पांच जजों की पीठ द्वारा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, हम ऐसी स्थिति नहीं ला सकते, जहां राष्ट्रपति को निर्देश दिया जाए। संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट का अधिकार केवल अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। उन्होंने कहा कि जब यह अनुच्छेद बनाया गया था, तब सुप्रीम कोर्ट में केवल आठ जज थे और अब 30 से अधिक हैं। हालांकि, आज भी पांच जजों की पीठ ही संविधान की व्याख्या करती है। उपराष्ट्रपति ने पूछा कि क्या यह न्यायसंगत है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा,मैंने कभी नहीं सोचा था कि राष्ट्रपति को कोर्ट द्वारा निर्देशित किया जाएगा। राष्ट्रपति भारत की सेना की सर्वोच्च कमांडर हैं और केवल वही संविधान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा की शपथ लेते हैं। फिर उन्हें एक निश्चित समय में निर्णय लेने का आदेश कैसे दिया जा सकता है।÷ उन्होंने कहा, ÷हाल ही में जजों ने राष्ट्रपति को लगभग आदेश दे दिया और उसे कानून की तरह माना गया,जबकि वे संविधान की ताकत को भूल गए। अनुच्छेद 142 अब लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ एक 'न्यूक्लियर मिसाइल' बन गया है,जो चौबीसों घंटे न्यायपालिका के पास उपलब्ध है।

# बीजेपी को जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इसे लेकर पार्टी में लगातार मंथन जारी है। बुधवार देर रात पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए कई नामों पर चर्चा की गई। पीएम आवास पर हुई अहम बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष के साथ कई अन्य पदाधिकारी और नेता शामिल रहे।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के अतिरिक्त राज्य स्तर पर भी पार्टी में कुछ संगठनात्मक बदलाव किए जाने पर चर्चा की गई। जानकारी के मुताबिक बैठक में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल,कर्नाटक और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर भी चर्चा हुई।

#### भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के ये नाम चर्चा में...

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की मंजूरी से होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में शिवराज सिंह चौहान,सुनील बंसल,धर्मेन्द्र प्रधान,रघुवर दास,वानति श्रीनिवासन,डी. पुरंदेश्वरी,स्मृति ईरानी,तमिलिसाई सौंदर्यराजन और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े के नाम शामिल हैं। वहीं महिला चेहरों में स्मृति ईरानी, डी. पुरंदेश्वरी,तमिलिसाई सौंदर्यराजन,वानति श्रीनिवासन के नाम चर्चा में हैं।



### दीवार,फर्श और पत्थरों पर पटक-पटक कर ले ली जान

**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** हैदराबाद में एक रिहायशी अपार्टमेंट में पशु क्रूरता का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक शख्स ने अपार्टमेंट के बेसमेंट पार्किंग क्षेत्र में दीवार और फर्श पर पटक-पटक कर और पत्थरों से मार कर डॉग के पांच नवजात बच्चों को मार डाला।चौंकाने वाली बात यह है कि आशीष एक पालतू पशु पालक है और उसने डॉग के बच्चों को तब मारा जब वह अपने डॉग के साथ सैर पर निकला था। निवासियों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज किया गया है।

# उदारवादी भारत से हर बार टकराई पाकिस्तान की कट्टरवादी सोच

### जयशंकर और मुनीर के ताजा बयानों से समझ आ जाएगा अंतर

**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** भारत और पाकिस्तान भले एक ही स्रोत से फूटी दो धाराओं की तरह हों, मगर अब दोनों देशों की सोच और विचारधारा में उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव की तर्ज पर बेमेल अंतर हो चुका है। भारत की सोच जहां उदारवादी, समस्त तु वसुधैव कुटुंबकम और सर्वधर्म संभाव की है, तो वहीं पड़ोसी पाकिस्तान अपनी कट्टरवादी इस्लामिक और आतंकी सोच के चलते दुनिया में कुख्यात है। भारत ने



पाकिस्तान को अच्छा पड़ोसी बनने का बार-बार मौका दिया, यहां तक कि उसके नापाक मंसूबों और आतंकी साजिशों तक को भुलाकर भी उसे गले लगाने का अवसर दिया, मगर पाकिस्तान उस विषकुंभ की तरह बर्ताव करता रहा, जिसके सिर्फ मुख पर ही नहीं, बल्कि पूरे घड़े में ही जहर ही जहर भरा हो। पाकिस्तानी सेना के चीफ असीम मुनीर के ताजा बयानों और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणियों से दोनों देशों की सोच के विशाल अंतर को समझा जा सकता है।

# पहली बार ट्रेन में एटीएम का सफल ट्रायल

### पंचवटी एक्सप्रेस में कैश निकासी की मिली सुविधा

**मुंबई,17अप्रैल 2025(ए)।** भारतीय रेलवे ने एक अनूठी पहल के तहत मुंबई-मनमाड के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस को देश की पहली ऐसी ट्रेन बना दिया है, जिसमें एटीएम मशीन लगाई गई है। इस इनोवेटिव सुविधा की शुरुआत रेलवे की नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम के तहत की गई है, जिससे यात्रियों को सफर के दौरान कैश निकालने की सहूलियत मिलेगी।



#### एसी कोच में लगाया गया एटीएम

भुसावल रेलवे मंडल और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की साझेदारी से ट्रेन के एसी कोच में यह एटीएम स्थापित किया गया है। पायलट रन सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और अब यात्री लंबे सफर के दौरान भी आसानी से पैसे निकाल सकेंगे। भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने बताया, ट्रायल के नतीजे सकारात्मक रहे हैं। यह सुविधा यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी होगी। हम मशीन की परफॉर्मेंस पर नजर रख रहे हैं।

#### मुंबई-हिंगोली ट्रेन में भी सुविधा

दिलचस्प बात यह है कि पंचवटी एक्सप्रेस और मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस एक ही रेक साझा करती हैं, इसलिए यह एटीएम दोनों ट्रेनों के यात्रियों के लिए उपलब्ध होगा। हालांकि, इगतपुरी से कसारा के बीच कुछ स्थानों पर नेटवर्क की मामूली समस्या देखी गई, लेकिन मशीन ने पूरे सफर में अच्छा प्रदर्शन किया।

### कानून-व्यवस्था में सुधार के बाद कर्फ्यू हटाया गया



**इंफाल,17अप्रैल 2025 (ए)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में लगाया गया कर्फ्यू बुधवार को हटा लिया गया है, आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र में ज़ोमी और हमार आदिवासी समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद कर्फ्यू पहली बार 8 अप्रैल को लगाया गया था। हालांकि कर्फ्यू 21 अप्रैल तक जारी रहना था, लेकिन कानून और व्यवस्था के मामले में स्थिति में सुधार होने के बाद 16 अप्रैल को इसे कम कर दिया गया।

# विधानसभा चुनावों के मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप को चुनाव आयोग ने किया खारिज

**नई दिल्ली,17अप्रैल 2025(ए)।** चुनाव आयोग ने विपक्ष के उस आरोप को खारिज कर दिया है जिसमें मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मतदाता सूची में सुधार के लिए केवल 89 अपील की गईं। विपक्ष का आरोप बिल्कुल गलत है। विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोप बिना किसी तथ्य के थे। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव से




पहले मतदाता सूची में नाम जोड़े और हटाए जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति मर गया है या संबंधित जगह पर नहीं रहता है अथवा अपना निर्वाचन क्षेत्र बदल चुके हैं, तो ऐसे लोगों का नाम सूची से काटा जाता है। आयोग न्यायसंगत और पारदर्शी तरीके से नए पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ता है। डुप्लिकेट और मृत मतदाताओं को सूची से हटाया जाता है।

## संपादकीय

### रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने बड़ा कदम

भारत और श्रीलंका ने पहली बार सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग के लिए ढांचे को संस्थागत बनाने के संबंध में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने कुल सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी-दिसानायके वार्ता में 10 से ज्यादा ठोस परिणाम निकले और सबसे महत्त्वपूर्ण तो यह कि दोनों देश सैन्य क्षेत्र में गहन सहयोग को राजी हुए हैं। बेशक, यह फैसला दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसलिए भी कि यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के करीब 35 साल बाद हुआ है। भारत के लिए मोदी का श्रीलंका दौरा इसलिए भी सफल कहा जा सकता है कि दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा। जब-जब पड़ोसी चीन श्रीलंका के साथ दोस्ताना होता है, तब-तब भारत की पेशानी पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। लेकिन अब श्रीलंका से स्पष्ट आासन मिलने से भारत को बड़ी राहत का अहसास हुआ है। दरअसल, दोनों पड़ोसी देशों बीच ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और आत्मीयता से भरे संबंध रहे हैं, दोनों देशों की साझा बौद्ध विरासत है, दोनों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है, और दोनों परस्पर निर्भर कहे जा सकते हैं। दिसानायके इस बात से वाकिफ हैं। संभवतः यही कारण रहा कि राष्टपति बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मोदी को भी उन्होंने अपना पहला विदेशी मेहमान बनाया और उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान मित्र विभूषण' से भी नवाजा। भारत भी श्रीलंका की मित्रता को खासा तवज्जो देता है, और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका दौरा था। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो,कोविड महामारी हो या हाल में आया आर्थिक संकट हो, हर कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। श्रीलंका हमारी पड़ोसी पहले' नीति और महासागर' दृष्टिकोण से भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। अलबत्ता, श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं और भारतीय मछुआरों के श्रीलंका के जल क्षेत्र में पकड़े जाने जैसे विवादास्पद मुद्दे हैं। उम्मीद है कि इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने में भी दोनों पड़ोसी देश सफल होंगे।

# देश में समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान



पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त,सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट,ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं। अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा,गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार,ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं,104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था,1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। पिछले 20 वर्षों में 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है पिछले दो दशकों में अकेले नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए हैं। जब देश में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब 8 करोड़ लोगों को प्रभावित किया था। जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी थे। यह आंध्र प्रदेश, बिहार,छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में फैले एक लाल गलियारे के साथ 10 राज्यों में फैला हुआ था।सरकार एक तरफ जहां नक्सलवाद को समाप्त करने की घोषणा कर रही है वहीं दूसरी तरफ शहरी नक्सलवाद जिसे अर्बन नक्सलवाद भी कहा जाता है तेजी से उभर रहा है। यह पारंपरिक ग्रामीण नक्सलवाद से अलग है क्योंकि इसका फोकस शहरों और शहरी इलाकों में होता है। शहरी नक्सली विचारधारा के समर्थक, जिनमें शिक्षाविद, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होते हैं नक्सलवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक माध्यमों से अपनी विचारधारा फैलाते हैं और व्यवस्था के खिलाफ असंतोष को भड़काते हैं। देश में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के समग्र प्रयासों का असर दिखने लगा है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अब देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी हो रही है। सरकार ने नक्सलवाद-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। देश में वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या में कमी आना इस आंदोलन की समाप्ति के संकेत है। नक्सलवादी आंदोलनकारियों ने अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हजारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों ने भी नक्सलवादी विरोधी अभियान में अपनी शहादत दी है। एक समय था जब देश के 10 प्रांतो में नक्सलवादियों की तूती बोलती थी। इन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर भी हमला कर दिया था। जगदलपुर में तो नक्सलवादियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या कर सनसनी फैला दी थी। मगर अब केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां इन पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में सरकार ने विकास की योजनाएं प्रारंभ कर उनका जन समर्थन समाप्त कर दिया है। कई बड़े नक्सली कमांडरो का एनकाउंटर होने के बाद डर कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। जिससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी। जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गुड फ्राइडे (18 अप्रैल) पर विशेष

# ईसा मसीहःअहिंसा,करुणा और सत्य के अमर प्रतीक



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली



यीशु (ईसा मसीह) के बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है 'गुड फ्राइडे'। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा,सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में 'गुड फ्राइडे' मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि यीशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई। इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सदुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता,सत्य,एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे।

ईसा मसीह परिवर्तन के पक्षधर थे और उन्होंने मानव प्रेम की सीमा नहीं बांधी बल्कि अपने बलिदान से उसे आत्मकेन्द्रित एवं स्वार्थ से परे बताया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। ईसाई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार क्रॉस पर लटकाए जाने के करीब तीन दिन बाद रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए थे, इसीलिए गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को 'ईस्टर संडे' के नाम से जाना जाता है। पुनः जीवित हो उठने के बाद ईसा ने अपने शिष्यों के साथ 40 दिनों तक रहकर हजारों लोगों को दर्शन दिए। ईसा मसीह के जी उठने की याद में ही दुनियाभर में ईसाई धर्म के अनुयायी 'ईस्टर संडे' मनाते हैं। ईस्टर की आराधना उषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है, क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था और उन्हें सबसे पहले मरियम मदीलिनी नामक महिला ने देखा था तथा अन्य महिलाओं को इस बारे में बताया था।

# आधी सच्चाई का लाइव तमाशा रिश्तों की मौत का नया मंच



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा



आजकल लोग निजी झगड़ों और रिश्तों की परेशानियों को सोशल मीडिया पर लाइव आकर सार्वजनिक करने लगे हैं, जहां आधी-अधूरी सच्चाई दिखाकर सहानुभूति बटोरी जाती है। 'सुट्टा आली' और 'मुक्का वाली' जैसे मामलों में देखा गया कि जब दूसरा पक्ष सामने आया, तो पहले समर्थन करने वाले लोग उलझन में पड़ गए। सोशल मीडिया अब इंसाफ़ का मंच नहीं, तमाशा बनता जा रहा है, जहां रिश्ते कंटेंट बनकर बर्बाद हो रहे हैं। इस डिजिटल दिखावे से बाहर निकलने का रास्ता संवाद,संयम और सच्चाई पर आधारित समझदारी है। रिश्तों को बचाने के लिए पहले उन्हें सार्वजनिक न करें, बल्कि निजी स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें। आधी सच्चाई दिखाकर न्याय मांगना रिश्तों की मौत का कारण बन सकता है। घर के अंदर की बातें अब घर के नहीं रहीं। एक वक्त था जब दीवारों के भीतर जो होता था,वही दीवारों में दफ़न होता था। पर अब दीवारें भी वाई-फाई से जुड़ चुकी हैं और रिश्ते डेटा पैक पर टिके हैं। बात-बात पर फेसबुक लाइव, इंस्टा स्टोरी, और यूट्यूब व्लॉग यही अब नए जमाने का रिश्ता-निपटान मंच बन गए हैं। कोई थोड़ा-बहुत झगड़ा हुआ नहीं, लोग कैमरा ऑन करके ऑडियंस के सामने आंसू बहाने लगते हैं। और उस रोते चेहरे के पीछे कितनी सच्चाई है, इसका किसी को अंदाज़ा नहीं होता क्योंकि कहानी का दूसरा पहलू अक्सर बेमौसम आता है,या कभी आता ही नहीं।

### रोते हुए लाइव,और सहानुभूति का सैलाब

आजकल रिश्तों में सहनशीलता नहीं, स्क्रिप्टिंग आई है। जैसे ही किसी झगड़े या मनमुटाव की चिंगारी उठती है, लोग अपने कैमरे चालू कर लेते हैं और लाइव आकर खुद को पीड़ित घोषित कर देते हैं। आवाज़ में कंपकंपी,आंखों में आंसू, और शब्दों में दर्द सब कुछ इतना 'रियल' होता है कि देखने वाला पल भर में इमोशनल इन्वेस्ट कर बैठता है।

### पर सवाल ये है कि क्या वो सच्चाई का पूरा चेहरा देख रहा है, या बस आधा?

आज की मिसाल लीजिए सोशल मीडिया पर पहले सुट्टा आली प्रकरण छाया रहा और अब मुक्का वाली मामला। दोनों में ही एक पक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर आकर सहानुभूति बटोरी। लोग टूट पड़े समर्थन में, ट्रोलिंग शुरू हुई, इल्ज़ामों की झड़ी लग गई। लेकिन जब कुछ समय बाद दूसरा पहलू सामने आया, तो वही हमदर्द दोराहे पर खड़े दिखे। कोई खिसियाया, कोई चुप हो गया, और कुछ ने हाथ जोड़ लिए। हमें तो पूरी बात पता ही नहीं थी।

### सोशल मीडियाःइंसाफ़ का नया अदालत?

अब सवाल उठता है। क्या सोशल मीडिया कोई अदालत है, जहां एकतरफा सबूत पेश करके दूसरे पक्ष को बिना सुने सज़ा सुनाई जा सकती है? क्या हम सब यूज़र्स अब जज बन चुके हैं? और अगर हां, तो हमारी अदालत में अपील की व्यवस्था कहां है?

दिक्कत ये है कि आजकल लोग जज नहीं,जजमेंटल बन चुके हैं। किसी भी मुद्दे को बिना सोचे, बिना समझे, बिना जांचे। बस वायरल होने की स्पीड से नापते हैं। कौन सही है से ज़्यादा अहम हो गया है कौन पहले लाइव आया।

रिश्ते अब रील और रेटिंग का हिस्सा बन गए हैं। जब एक रिश्ते की दरार को सार्वजनिक किया जाता है, तो उसका असर केवल उस रिश्ते पर नहीं, समाज पर भी पड़ता है। यह एक विकृति बनती जा रही है, जहां निजी दर्द सार्वजनिक मनोरंजन बन रहा है। और इसे प्रोत्साहन मिलता है व्यूज़, लाइक्स और फॉलोवर्स की भूख से। एक जमाना था जब लोग अपने रिश्तों को बचाने के लिए कुछ भी कर जाते थे। आज लोग लाइक और शेयर के लिए अपने रिश्ते खुद बर्बाद कर देते हैं। मीडिया से ज़्यादा, मिडियाई मानसिकता दोषी है

यह केवल मीडिया ट्रायल का मुद्दा नहीं है।असली समस्या उस मानसिकता की है जो कैमरा ऑन होते ही खुद को पीड़ित घोषित कर देती है और दर्शकों को जूरी बना देती है। यह हाफ ट्रुथ पॉलिटिक्स अब राजनीति तक सीमित नहीं रही । यह अब हमारे घरों में घुस चुकी है। लोग अपने गुस्से और दुख को शब्दों में नहीं, स्क्रिप्टेड कंटेंट में ढाल रहे हैं। और दर्शक भी, असल में मदद करने के बजाय, तमाशबीन बने रहते हैं। स्क्रीन के उस पार तालियाँ बजाते हुए।

### रिश्ते सहारे से ज़्यादा, स्क्रीन पर टिके हैं...

इस डिजिटल युग में रिश्ते अब संवाद से नहीं, कंटेंट से चलने लगे हैं। पार्टनर से बात करने की जगह, लोग सोशल मीडिया पर इंडीरेक्ट पोस्ट करते हैं। लड़ाई होती है, तो स्टोरी लगती है। सब कुछ सहने की भी एक हद होती है। और फिर लाइक,कमेंट और शेयर की बाढ़ आती है,जो उस रिश्ते के फटे कपड़े में और कील ठोक देती है।क्या कोई रास्ता है इस 'डिजिटल ड्रामा' से बाहर निकलने का? बिलकुल है। पर शुरुआत हमें ही करनी होगी। किसी भी झगड़े या विवाद को सार्वजनिक करने से पहले, अपने सबसे करीबी से निजी तौर पर बात करें। संवाद हर समस्या का पहला समाधान है। अगर मामला गंभीर है,तो परिवार, मित्र या थैरेपिस्ट की मदद लें। इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर वीडियो बनाकर दुनिया से इंसाफ की उम्मीद न करें। अगर आप किसी का वीडियो या पोस्ट देख रहे हैं, तो एकतरफा निर्णय न लें। हर कहानी के दो पहलू होते हैं, और कभी-कभी सच्चाई दोनों के बीच कहीं होती है। हर रिश्ता अपने आप में एक दुनिया होता है। उसे सार्वजनिक चौराहे पर न उधेड़ें। एक दिन वही दुनिया आपके खिलाफ खड़ी हो सकती है।

आज जब हर व्यक्ति अपने हाथ में मीडिया लेकर घूम रहा है, तब सबसे बड़ा जिम्मेदार भी वही है। कैमरा ऑन करना आसान है,पर सच्चाई को ईमानदारी से दिखाना मुश्किल। रिश्ते भरोसे से बनते हैं, और भरोसे की बुनियाद संवाद से मजबूत होती है, तमाशे से नहीं। हर बार लाइव आकर रोना-धोना करने से सहानुभूति तो मिल सकती है, लेकिन रिश्ते नहीं बचते। और जब दूसरा पक्ष सामने आता है, तो फिर न सिर्फ़ रिश्ता, बल्कि भरोसा भी मरता है। उस इंसान का भी और उस समाज का भी, जो बस लाइव देखकर न्याय करने को तैयार बैठा था। इसलिए अगली बार जब कोई रोता हुआ वीडियो सामने आए। ज़रा रुकिए। सवाल पूछिए, दोनों पक्षों को सुनिए। क्योंकि असल इंसाफ वही है जो तटस्थ हो, और इंसाफ़ के बिना कोई भी तमाशा बस एक और रिश्ते की मौत होती है'डिजिटल स्टेज' पर।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# वेव्स बाजारःमीडिया और मनोरंजन के वैश्विक मंच पर भारत का निर्णायक लगान क्षण

भारत मनोरंजन और मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह तेजी से बढ़ रहा है और लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में फल-फूल रहा है। हम इंटरनेट कनेक्शन पर ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को निरंतर प्रसारित करने की सेवाओं, क्षेत्रीय भाषा निर्माणों और तकनीक-प्रेमी दर्शकों के उदय से प्रेरित विभिन्न प्लेटफ़ॉर्मों पर सामग्री निर्माण में उछाल देख रहे हैं, जो ताज़ा,आकर्षक और समावेशी कथाओं की मांग करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं,न केवल मनोरंजन के स्रोत के रूप में बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति,आर्थिक विकास और वैश्विक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, जिसे संक्षिप्त शब्द वेव्स के नाम से जाना जाता है, 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई,महाराष्ट्र में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के बढ़ते सम्मान और उसकी बढ़ती पहचान का गवाह होगा और वेव्स




बाज़ार इस आयोजन का एक प्रमुख भाग है। उद्योग में दशकों बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि कहानी सुनाने में एकजुट होने, प्रेरित करने और बदलने की ताकत है। वेव्स और वेव्स बाज़ार के साथ, हम वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं। वेव्स बाज़ार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुलकर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केन्द्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है।

-आमिर खान-



# अर्जी लखदातार परिवार का श्याम उत्सव कल



## सगी बहनों के साथ कई कलाकार भजनों की देंगें प्रस्तुति

-संवाददाता-
प्रतापपुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
अर्जी लखदातार परिवार का श्याम उत्सव 19 अप्रैल को प्रतापपुर में श्री अग्रसेन भवन के पास होगा। लगातार दूसरे साल आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में बाहर से आने वाले कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे जिनमें दो सगी बहनें भी शामिल हैं। लखदातार परिवार के अंकुर सिंघल, अभिषेक गर्ग,अमन गर्ग, सुमित गुप्ता,शुभम मित्तल,आकाश मित्तल ने बताया कि पिछले वर्ष श्याम उत्सव काफी सफल रहा रहा था और स्थानीय के साथ दूर दूर से श्याम भक्त पहुंचे थे। इस वर्ष और वृहद रूप में मनाने की तैयारी हो रही है। अग्रसेन भवन के पास स्कूल मैदान में भजन संध्या के साथ बाबा का भव्य दरबार सजाया जायेगा एवं श्रृंगार रायपुर के अभिषेक गर्ग करेंगे। अखंड दीप प्रज्वलित के साथ भजन गायकों में वृंदावन की दो सगी बहनों गौरी साक्षी के साथ टाटानगर के अनुभव अग्रवाल और बनारस के प्रतीक मिश्रा शामिल हैं, इनके साथ आगरा का श्री श्याम म्यूजिकल ग्रुप है। उन्होंने बताया कि भंडारा की व्यवस्था होगी,भक्तों द्वारा फल और बूंदी की सवामनी,छप्पन भोग प्रसाद के रूप में चढ़ाने की व्यवस्था है और इच्छुक भक्त इसके लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा भक्तों से श्याम कीर्तन में आने आग्रह किया है। पूजा पाठ और समस्त आयोजन पप्पू महाराज सूरजपुर के सानिध्य में संपन्न होगा।







## आईजी ने रेंज स्तरीय ली दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
पुलिस कोर्डिनेशन सेंटर अंबिकापुर में आईजी ने रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कुल 909 प्रकरणों का बारीकी से समीक्षा कर निपटारा किया गया। उक्त समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से ऐसे मामलों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में गहन समीक्षा की गई। इस दौरान आईजी ने नये कानून के तहत बेहतर विवेचना कर दोषसिद्धि का प्रतिशत बढ़ाने पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रत्येक प्रकरण में फोटो एवं वीडियो ग्राफी के महत्त्व को बताते हुए विवेचकों को जानकारी दिया गया कि किसी भी घटनास्थल का मौका जांच करते समय एवं जब्ती करते समय फोटो एवं वीडिओग्राफी करना नितांत आवश्यक बताया गया। जिससे मौके से सम्बंधित साक्ष्य को एकत्रित किया जा सके और न्यायालय के समक्ष पेश किया जा सके। एफएसएल टीम के पहुंचने से पूर्व साक्ष्य संकलन के तरीकों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समीक्षा के दौरान एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में संलिप्त आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने एवं अपराधियों की दोषसिद्धि प्रतिशत दर में वृद्धि हो सके और विवेचना की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से कमाए हुए धन की कुर्की नीलामी करने के उद्देश्य से फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित गंभीर प्रकरणों जैसे अनाचार एवं पास्को एक्ट के मामलों में एफआईआर के पश्चात नवीन कानून प्रावधानों के तहत 60 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से चालान पेश करने के संबंध में जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह, एसपी सरगुजा योगेश पटेल, एसपी एमसीबी चंद्र मोहन सिंह,एसपी कोरिया रवि कुर्रे, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल एवं रेंज के समस्त जिला अभियोजन अधिकारी,आईजी स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर मौजूद रहे।

## प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई छात्रा का अपहरण कर बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई छात्रा को एक युवक ने जबरन उसे भगाकर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया है। पीड़िता के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को अनूपपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पीड़िता के भाई ने बतौली थाने में 15 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया था कि मेरी छोटी बहन प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई थी। जो वापस नहीं लौटी है। उसका का मोबाइल भी बंद बता रहा है। शाम को प्रार्थी के मोबाइल पर अन्य नंबर से मैसेज आया कि ग्राम सेदम निवासी एक युवक उसे जबरन भगाकर बैकुंठपुर की ओर ले जा रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को अनूपपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से छात्रा को बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे जबरन भगाकर ले जा रहा था और उसके साथ बलात्कार की घटना को भी अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) के साथ धारा 87, 64(ए) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोडक़र कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## रॉड से हमला कर पत्नी को किया जख्मी,इलाज के दौरान मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
रॉड से हमला कर पत्नी को गंभीर रूप से जख्मी करने के बाद पति घर से फारा हो गया। गंभीर रूप से जख्मी महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शांति पैकरा उम्र 35 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमई की रहने वाली थी। बुधवार की रात को पति बुधराम पैकरा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पति ने रॉड से पत्नी के कनपटी में वार कर दिया, जिससे वह बेहोशी हो गई। इसके बाद पति घर से फरार हो गया। पुत्र सनोज ने पिता को भागता देख वह घर के अंदरर गया तो मां खून से लतपथ बेहोश हालत में घर में पड़ी थी। उसे इलाज के लिए प्रतापपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बरगीडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भ में नवजात की मौत,इधर उदयपुर सीएचसी में समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण नवजात की गई जान

-संवादाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
लुण्ड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरगिडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में समय पर इलाज न मिलने से नवजात की प्रसव से पूर्व ही गर्भ में मौत हो गई। वहीं उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर एम्बुलेंस न मिलने से गंभीर नवजात शिशु की मौत हो गई। महिला का घर में प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सांस लेने में परेशानी होने पर नवजात को चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया था। परिजन एंबुलेस के लिए चार घंटे तक इंतजार करते रहे। अंततः नवजात की मौत हो गई।






लुण्ड्रा विकासखंड के ग्राम बरगिडीह निवासी ज्योति सोनवानी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे इलाज के लिए बरगिडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। यहां चिकित्सक उपस्थित नहीं थे। अस्पताल में चिकित्सकों को न रहने के कारण गर्भवती महिला का समय पर इलाज शुरू नहीं हो सका। अस्पताल में केवल एक नर्स थी। इलाज न मिलने के कारण महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। इसी बीच रात 10 बजे वह मृत शिशु को जन्म दिया। पीड़िता व उसके परिजन का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर के न रहने और समय पर इलाज न मिलने के कारण गर्भ में ही नवजात की मौत हो गई है। परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेकटर से कार्रवाई की मांग की है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्गाडांड की विशेष संरक्षित पण्डो जनजाति की एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 102 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले दर्द बढने पर महिला ने घर पर ही दाई की मदद से एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद नवजात को 102 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उदयपुर लाया गया। शिशु का वजन करीब ढाई किलो था। सीएचसी में नाल काटने के बाद कुछ समय तक सब सामान्य था, लेकिन फिर शिशु को सांस लेने में परेशानी होने लगी। सीएचसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने नवजात की स्थिति को गंभीर बताते हुए दोपहर करीब 3 बजे उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। परंतु, शाम तक 108 एम्बुलेंस नहीं पहुंच सकी। परिजन लगातार एम्बुलेंस सेवा से संपर्क करते रहे, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। शाम 6 बजे तक शिशु की सांसें थम गई। और तो और, रात 8 बजे एम्बुलेंस कर्मियों का कॉल आया कि वे रवाना हो रहे हैं और तैयार रहें। इस पर गमगीन परिजनों ने कहा, अब क्या करेंगे आकर,हमारा बच्चा तो चला गया। आखिरकार रात 11 बजे परिजन बाइक से मां और मृत नवजात को लेकर घर गए। इस घटना ने सिस्टम की असंवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। सीएचसी उदयपुर के बीएमओ डॉ. योगेंद्र पैकरा ने कहा, मामले की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। यह देखा जाएगा कि लापरवाही कहां हुई। वहीं,मितानिन मानकुंवर ने पूरी घटना का ब्यौरा देते हुए एम्बुलेंस सेवा की देरी को नवजात की मौत का कारण बताया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चालीसा उपवास के अंतिम सप्ताह पुण्य गुरुवार की विशेष प्रार्थना

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
पूरा मसीही समाज चालीस दिनों के उपवास व परहेज की अवधि के अंतिम सप्ताह में पूण्य गुरुवार की भक्ति आराधना में लीन रहा। आज के दिन के विविध धार्मिक अनुष्ठान शाम 5 बजे से नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजा घर मे परंपरागत रूप से सम्पन्न हुए।

सांध्यकालीन कार्यक्रम के समस्त धार्मिक अनुष्ठान अम्बिकापुर धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनी बड़ा व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की अगुवाई में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर समुदाय को सम्बोधित करते हुए बिशप ने कहा कि येसु ने अपने चेलों के पैर धोकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि सच्चा जीवन विनम्रता सेवा और प्रेम में निहित है। यह ऐसा सबक है जो हमें जीवन के दैनिक दिनचर्या के व्यवहार व कार्यों के दौरान अपने व अजनबियों के बीच भी दिखना चाहिए।



पुण्य गुरुवार के दिन ही ईशा मसीह ने सन्ध्या भोज के पूर्व अपने 12 चेलों के पैर धुलाकर उन्हें अपना तन व रक्त समर्पित किया जो परम प्रसाद के रूप में मसीही ग्रहण करते हैं। आज के दिन जिन 12 चेलों के पैर येसु मसीह ने धुलवाए वो ही प्रथम पुरोहित बने व आज के दिन से ही पुरोहिताई संस्कार की स्थापना भी हुई। आज ही रात येसु के एक चेले ने धोखे से उन्हें राजा पिलातुयूस के सिपाही के हवाले कर देता है और और यहीं से येसु का दुखभोग प्रारंम्भ हो जाता है। उन्ही पलों को याद कर मसीही समाज आराधना में डूबे हुए हैं। इस दौरान बाइबिल के पाठ का वाचन फादर विलियम, मरियानुस एक्का व विनीता एक्का द्वारा किया गया। पवित्र सक्रेमेन्ट का जुलूस कार्यक्रम अनूप टोप्पो,अनूप किस्पोट्टहु,अनिमेष एक्काअनीस केरकट्टा ने पूरा किया। इसके बाद रात्रि 8 बजे से इन कार्यक्रमों के बाद आराधना प्रारम्भ हुई। इसमे सभी पारा टोला व संस्थानों द्वारा पारी-पारी से अपनी प्रस्तुति दी।




## बोलेरो की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की ठोकर से घायल वृद्ध की मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खोडरो, बरियो निवासी मोहन नागेश पिता दशरू नगेसिया 61 वर्ष गुरूवार को सुबह लगभग 6 बजे घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 4 एमई 6387 का चालक उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रतीक्षा बस स्टैंड मेंसेवा किटी समूह ने शहर को दिया चौथा वाटर कूलर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
शहर की सेवा भावी बहनो का समूह सेवा किटी 2019 से जनहित में अपनी सेवा दे रही है,विगत 16 अप्रैल 2025 को ब्रम्हकुमारी विद्या दिदी,अमोलक सिह ढिल्लो,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,एवं सभापति नगरनिगम श्री हरमिंदर सिह के कर कमलों से प्रतीक्षा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए शहर में चौथा वाटर कूलर सौपा गया, इस अवसर पर वरिष्ट समाज सेवी मंगल पांडे,आर्ट ऑफ लिविंग से अजय तिवारी,नवबिहान से अनिल मिश्रा जी विशिस्ट अतिथि उपस्थित थे।
अतिथियों ने सेवा किटी समूह के भीषण गर्मी में इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद और निरन्तर शहर में किये जा रहे कार्य की सराहना की,समूह की संस्थापिका



वन्दना दत्ता ने अपने उदबोधन में सेवा समुह के कार्यो से अवगत कराया,समूह की सेवा सदस्य कुंजबाला जायसवल, नीलिमा गोयल,पूनम जायसवाल, बलविन्दिर टुटेजा,नमिता चावला,मीना वर्मा,नीलिमा मिश्रा,बानी मुखर्जी, अंजना परिहार,सुनीता दास उपस्थित थी। उपस्थित अतिथियों ने इस समूह के शहर में जनहित के कार्यो की सराहना करते हुवे अपने अनुभव भी बताये। विद्या दिदी ने, गर्मी में ठंडा पानी पूरे शरीर को शीतल कर देता है कहा,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक एव सभापति ने,मंगल पांडे जी ने, अजय तिवारी जी ने अपने सम्बोधन में शहर की मातृशक्ति के निरन्तर किये जा रहे, कोरोना काल की सेवा, अस्पताल में निशुल्क चाय सेंटर,जरूरतमन्दों को भोजन करवना,कन्या विवाह, बीमारी में सहयोग,शिक्षा में सहयोग को अतुलनीय और प्रेरणादायक बताया।

## पिटाई से पत्नी हो गई बेहोश,डर से छत से कूदे पति की हो गई मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर पति ने पत्नी से मारपीट करने लगा। इस दौरान पत्नी बहोश हो गई। पत्नी को बहोश देखकर वह डर से छत से कूद गया इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भीर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परासिया 50 वर्ष रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भगदर का रहने वाला था। वह 16 अप्रैल की रात गांव से घर आया और शराब पीने के लिए पत्नी से रुपए मांगने लगा। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। पति द्वारा मारपीट किए जाने से वह बेहोश हो गई। पत्नी को बेहोश देख वह डर गया और घर के छत नीचे कूद गया। मारपीट में बेहोश हुई महिला को तो कुछ देर बाद होश आ गया, लेकिन छत से कूदे पति की स्थिति गंभीर थी। उसे इलाज के लिए रघुनाथनगर स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कीटनाशक सेवन कर युवक ने दी जान

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
कीटनाशक का सेवन किए गांधीनगर थाना क्षेत्र के फुंदुरडिहारी,महुआपारा निवासी सागर मंडल पिता स्व. नीलकंठ मंडल 27 वर्ष की मौत हो गई। मृतक 12 अप्रैल को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे यहां इलाज के दौरान बुधवार की शाम को वह दम तोड़ दिया।

# इनकम टैक्स खत्म कर देंगे,टैरिफ से कैसे मालामाल होगा अमेरिका? ट्रंप ने दिया जवाब



नई दिल्ली,17 अप्रैल 2025।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर रेसिप्रोक टैरिफ लगाया है। चीन पर तो ट्रंप ने अमेरिकी 245 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला कर दिया है। ट्रंप के इस फैसले से अमेरिका और चीन के बीत 'ट्रेड वॉर' का खतरा बढ़ गया है। ट्रंप का नजरिया है कि रेसिप्रोकल टैरिफ और अन्य प्रकार के टैरिफ से अमेरिका को जबरदस्त फायदा होने वाला है। इतना ही नहीं टैरिफ की वजह से अमेरिका के राजस्व में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी, जिसकी वजह से अमेरिका में इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है।

### अमेरिकी नागरिकों को नहीं देना होगा इनकम टैक्सःट्रंप

अमेरिकी न्यूज चैनल फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने टैरिफ पॉलिसी पर अपनी सरकार की पीठ थपथाई। उन्होंने कहा कि टैरिफ से इतनी कमाई हो सकती है कि हम इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म कर सकते हैं। इसकी पूरी-पूरी संभावना है कि टैरिफ से होने वाली बेतहाशा कमाई की वजह से हम इनकम टैक्स को खत्म कर दें। उन्होंने आगे कहा कि हम टैरिफ से इतना राजस्व कमा सकते हैं कि इनकम टैक्स को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 1870 से 1913 के बीच टैरिफ ही सरकार की आय का मुख्य स्रोत था और इस दौरान हमने टैरिफ से इतना पैसा कमाया कि हम सबसे अमीर देश बन गए थे। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स को खत्म कर अमेरिकी नागरिकों पर टैक्स के बोझ को कम किया जा सकेगा। टैरिफ से अन्य देशों पर टैक्स लगाकर अमेरिका को बेतहाशा फायदा होगा।

### US सेंट्रल बैंक के चीफ ने ट्रंप के टैरिफ पर दी चेतावनी

एकतरफ जहां,टैरिफ पॉलिसी को ट्रंप, मास्टस्ट्रोक बता रहे हैं। वहीं,दूसरी ओर अमेरिका के केंद्रीय बैंक,फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने भारी महंगाई की चेतावनी दे दी है। फेड अध्यक्ष ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के तहत नीतिगत बदलावों ने फेडरल रिजर्व को अज्ञात संकट में डाल दिया है। फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने ज्यादा महंगाई की चेतावनी देते हुए कहा कि ट्रम्प प्रशासन के तहत नीतिगत परिवर्तनों ने फेडरल रिजर्व को अज्ञात क्षेत्र में डाल दिया है। इस महंगाई के पीछे चीन सहित दूसरे पर लगाई गई टैरिफ को बताया जा रहा है।



## महापौर कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ा टूर्नामेंट

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
स्थानीय अंबिकापुर स्टेडियम ग्राउंड में महापौर कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कमल युवा वाहिनी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। गत दिवस प्रतियोगिता में कुल तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों का उत्साह और शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पहला मैच वार्ड क्रमांक 13 मंगल पांडे वार्ड और वार्ड क्रमांक 23 शहीद वीर नारायण वार्ड के बीच खेला गया। इस मुकाबले में शहीद वीर नारायण वार्ड ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 19 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में 13 गेंदों पर 34 रन की आक्रामक पारी खेलने वाले राजा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मुकाबले में वार्ड क्रमांक 14 का सामना भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 45 से हुआ। वार्ड क्रमांक 45 की टीम 62 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके जवाब में वार्ड क्रमांक 14 ने यह लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। इस मैच में 22 गेंदों में 44 रन की शानदार पारी खेलने वाले शुभम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का तीसरा व अंतिम मुकाबला वार्ड क्रमांक 2 वीर सावरकर वार्ड और वार्ड क्रमांक 11 पटपरिया वार्ड के बीच खेला गया। पटपरिया वार्ड की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 108 रन बनाए। जवाब में वीर सावरकर वार्ड की टीम 86 रन ही बना सकी। इस मैच में 16 गेंदों पर 41 रन की तूफानी पारी खेलने वाले गोपी रजवाड़े को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। आगामी दिनों में प्रतियोगिता और भी रोचक होने वाली है,जहां वकील और डॉक्टर,नागरिक और प्रशासन,तथा पार्षद और पत्रकारों के बीच विशेष मुकाबले खेले जाएंगे,जिनकी दर्शकों को बेसब्री से प्रतीक्षा है। इस संबंध में जानकारी कमल युवा वाहिनी के अनीश सिंह (आयोजन समिति सदस्य) द्वारा प्रदान की गई

## बाइक से गिरकर घायल मामा-भांजे की मौत

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
प्रेमनगर थाना अंतर्गत बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से घायल मामा-भांजे की मौत हो गई। एक अन्य को सामान्य चोटें आई है।
जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम आनन्दपुर निवासी धनसू सिंह गोड़ अपने भाई रति सिंह व भांजा बुधमान सिंह के साथ 14 अप्रैल को अपनी मौसी के घर लक्ष्मीपुर बाइक से गया था। यहां वापस घर आ रहे थे। बाइक बुधमान चला रहा था। इसी बीच लक्ष्मीपुर के आगे मोड़ पर सामने से आ रहे आइक चालक को देखकर बुधमान अनियंत्रित हो गया और गाड़ी सडक़ के किनारे गड्ढे में चली गई। जिससे तीनों गिर गए थे। दुर्घटना में रति सिंह को सिर में चोट आई थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बुधमान को भी गंभीर चोटें आई थी। वहीं धनसू को सामान्य चोट आई थी। बुधमान को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान 17 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड में 1.82 करोड़ रुपये का घोटाला

## ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग

## RTI एक्टिविस्ट D.K.सोनी की शिकायत पर कोर्ट का आदेश... दर्ज हो FIR

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।
मामला छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड अंबिकापुर के चीफ इंजीनियर कार्यालय का है जहां पर करोड़ों रुपए के फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज लगाकर ठेकेदार से मिली भगत कर ई.पी.एफ बोनस एवं ई.एस.आई.सी की राशि गबन करने के संबंध में है जिसमें डी0के0 सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट के द्वारा एक आवेदन थाना अंबिकापुर कोतवाली में मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स,मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रूप के द्वारा वेतन से ई0पी0एफ0 बोनस एवं ई0एस0आई0सी0 की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशक(अ.क्षे.) अंबिकापुर के जांच रिपोर्ट दिनांक 24/2/2023 के साथ प्रस्तुत किया गया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स,मैट्रिक सर्विस एवं ग्रुपकृपा के डायरेक्टर/प्रोप्राइटर के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने का निवेदन किया गया उक्त मामले का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रूप के द्वारा वेतन से ई0पी0एफ0 बोनस एवं ई0एस 0आई0सी0 की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु किया गया था उक्त शिकायत के संबंध में कार्यपालन निदेशक(अ.क्षे.) छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. अंबिकापुर में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स अंबिकापुर को चार कार्यादेश जारी किए गए। प्रथम दोनों एवं चतुर्थ आवेदन आदेशों में प्रभारी अधिकारी (ओआईसी)कार्यपालन निदेशक के कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री एवं अन्य अधिकारी को नियुक्त किया गया था जिसके द्वारा ही आदेश की शर्तों का पालन करवाने एवं देयक पारित करने संबंधित संपूर्ण कार्यवाही किया जाना था जबकि तृतीय आदेश क्रमांक CE/AR/PUR/ORD1138 दिनांक 16/1/2021 प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) संबंधित कार्यपालन यंत्री अथवा उसके कार्यालय में पदस्थ अन्य अधिकारी को नियुक्त किया गया था। इसी क्रम मेसर्स मेट्रिक सर्विस अंबिकापुर को कार्यपालन निदेशक के कार्यालय के आदेश क्रमांक CE/AR/PUR/ ORD/1192 दिनांक 11/8/2020 द्वारा 150 नग बाह्य स्रोत कंप्यूटर ऑपरेटर नियोजित करने हेतु आदेशित किया गया था इसके साथ ही मेसर्स गुरुकृपा अंबिकापुर को कोई भी कार्यादेश जारी नहीं किया गया था।



माह अगस्त 2020 से माह फरवरी 2022 तक के 14 भृत्यो के देयक एवं भृत्यो की उपस्थिति पंजी की तुलनात्मक आकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स आरके एसोसिएट्स अंबिकापुर को 4,81,163/- का अधिक भुगतान किया गया है भुगतान से संबंधित नियमावली जारी की गई है जिसके आधार पर ठेकेदार आर.ए. बिल पारित करने से पहले जांच किया गया अनिवार्य होगा कि ठेकेदार द्वारा ईपीएफ, ई एस आई सी का भुगतान किया है कि नहीं भुगतान के चालान की प्रति भी संलग्न किया जाना है साथ ही कर्मचारियों को पे-रोल की प्रति जो कि कार्यालय प्रभारी द्वारा सत्यापित हो, सलंग्न किया जाना है तत्पश्चात ही ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत आर. ए. बिल को सत्यापन एवं परितीकरण की अग्रिम कार्यवाही किया जाना है एवं प्रत्येक कर्मचारी को निर्धारित बेसिक वेतन का 13.15त्न ईपीएफ एवं 3.5त्न ईएसआई कर्मचारी भाग एवं नियोक्ता भाग दोनों का कुल राशि को संकलित कर ठेकेदार को कर्मचारी इपीएफ एवं ईएसआईसी खाते में जमा करना अनिवार्य है उक्त भुगतान संबंधी पूर्ण दस्तावेजों में प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण तत्पश्चात ही ठेकेदार की देयक पारित किया है।

इसके विपरीत देयको के साथ संलग्न ईपीएफ एवं ईएसआईसी चालान को बिना सत्यापित किये अर्थात ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ईपीएफ एवं ई एस आई की राशि जमा की जा रही है अथवा नहीं यह सुनिश्चित किए बगैर ही ठेकेदार का देयक सत्यापित एवं पारित कर दिया गया है। पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 14 नग भृत्य हेतु प्रस्तुत देयक माह जुलाई 2020, अगस्त 2020, सितंबर 2020, अक्टूबर 2020, नवंबर 2020, दिसंबर 2020, जनवरी 2021, फरवरी 2021के देयक में ईपीएफ का चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित किया गया है, उक्त अवधि के देयक के साथ ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया है। फलस्वरूप ठेकेदार मेसर्स आरके एसोसिएट अंबिकापुर को 1,54,452/- का अधिक भुगतान किया गया इस प्रकरण में ठेकेदार को लगभग 6,35,615/- का अधिक भुगतान किया जाना पाया गया।

माह अगस्त 2020 से फरवरी 2022 तक के अवलोकन करने पर पाया गया कि संबंधित फर्म द्वारा देयक के साथ प्रस्तुत 10 नंबर भृत्यो की उपस्थिति पंजी के आधार पर देयक पारित किए गए हैं। संबंधित संभागों से (जहां उपरोक्त आदेश के अंतर्गत भृत्यो की पदस्थापना की गई थी) मासिक उपस्थिति पंजी प्राप्त कर मिलान करने पर पाया गया कि पारित किए गए देयको एवं संभागों से प्राप्त उपस्थिति पंजी में अंतर है।

इस प्रकार महा अगस्त 2020 से माह फरवरी 2022 तक के 10 भृत्यो के देयक एवं भृत्यो की उपस्थिति पंजी के तुलनात्मक आंकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स आर0के0 एसोसिएट अंबिकापुर को 13,07,875/- का अधिक भुगतान किया गया है।

देयको के साथ संलग्न ईपीएफ एवं ईएसआईसी के चालान को बिना सत्यापित किये अर्थात ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के खाते में ईपीएफ एवं ई एसआई की राशि जमा की जा रही है अथवा नहीं यह सुनिश्चित किए बगैर ही ठेकेदार का देयक सत्यापित एवं पारित कर दिया गया है। पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठीक है द्वारा प्रस्तुत 10 नग भृत्य हेतु प्रस्तुत देयक माह दिसंबर 2020,जनवरी 2021,फरवरी 2021, अप्रैल 2021, नवंबर 2021 के देयक में ईपीएफ का चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है। उक्त अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर स्थापित किए देयको को पारित किया गया है। फल स्वरूप ठेकेदार मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स अंबिकापुर को 1,42,598/- का अधिक भुगतान किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण में ठेकेदार को लगभग 14,50,473/-का अधिक भुगतान किया जाना पाया गया।

माह अगस्त 2020 से माह जुलाई 2022 तक के 150 कंप्यूटर ऑपरेटर के देयर एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की उपस्थिति पंजी के अनुसार तुलनात्मक आंकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 1,32,52,783/- रुपए का अधिक भुगतान किया गया है।

पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, सितंबर 2020, अक्टूबर 2020, नवंबर 2020, दिसंबर 2020, जनवरी 2021, फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया। फलस्वरूप ठेकेदार मैसर्स मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 29,48,036/- का अधिक भुगतान किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण में कंपनी को लगभग 1,62,00,819/- की क्षति हुई।

तीनों प्रकरणों में वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ई पी एफ,ई एस आई सी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक पारित करने से फर्म को लगभग 1,82,86,907/-रुपए का अधिक भुगतान होना दृष्टिगत होता है उपरोक्त फर्जी भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत साजिश है तथा कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से किया गया है जो कि कार्यपालन निदेशक की जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने भी यह माना की प्रथम दृष्टया यह दर्शित हो रहा है की उपस्थिति पत्रक ई.पी.एफ और ई.एस.आई.सी के दस्तावेजों का सत्यापन किए बगैर स्वीकृत राशि से अधिक राशि का भुगतान किया जाना प्रथम दृष्टया से दर्शित हो रहा है जिसके कारण डी.के. सोनी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना आवेदन 156(3) द. प्र.सं. स्वीकृत किया जाता है तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने थाना अंबिकापुर को यह भी आदेर्शित किया कि उक्त मामले में प्रारंभिक जांच कर संबंधित पक्षकारों के विरोध सुसंगत धाराओं 409, 420,467,468, 120बी भा0द0वि0 मैं अभियोग पंजीबद्ध कर नियमानुसार विवेचना किया जाना सुनिश्चित करें तथा दो सप्ताह के भीतर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर न्यायालय के समक्ष करना सुनिश्चित करें।

# नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एण्ड एंटी करप्शन ब्यूरो,नई दिल्ली के द्वारा अम्बिकापुर सरगुजा में संभाग स्तरीय बैठक हुई आयोजित

-संवाददाता-
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।
नेशनल हयूमन राइटस एंटी क्राइम एण्ड एंटी करप्शन ब्यूरो, नई दिल्ली के द्वारा अम्बिकापुर सरगुजा में संभाग स्तरीय बैठक आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता नेशनल हयूमन राइट्स एंटी क्राइम एण्ड एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष श्री घासीदास भारद्वाज द्वारा की गई सरगुजा संभाग में नेशनल हयूमन राइट्स एंटी क्राइम एण्ड एंटी करप्शन ब्यूरो कि इस प्रथम बैठक में मानव अधिकार पर विशेष बल देकर पदाधिकरी व सदस्यों के कार्य की जिलेवार समिक्षा की गई व विभिन्न जिलों से आए हुए शिकायतों व अपरोधों पर टीम बनाकर संबंधित सरकारी व गैर सरकारी विभागों से जानकारी व वस्तु स्थिति से अवगत करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए,प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिले में महिलाओं से संबंधित उनके न्याय व अधिकार के लिए विकास खण्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने व ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा में सम्मिलित होकर उन पर हो रहे सामाजिक व घरेलू हिंसा की स्थिति से अवगत होने की बात कही गई,सरगुजा जिले में सड़क व परिवहन के नियम का पालन भी आमजन मुख्य रूप नहीं करते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है इस ओर भी यातायात नियमों के पालन हेतु सभी जिलों के अध्यक्ष व सचिव को मुख्य रूप से इसकी जिम्मेदारी दी गई,बैठक में सूरजपुर,बलरामपुर, अम्बिकापुर,मनेन्द्रगढ़ से मिलने वाले पत्रों में प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि जमीन संबंधित मामलों हेतु सबसे ज्यादा शिकायत पत्र प्राप्त हुए हैं,जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष ने संबंधित विभाग से मिलकर इसके हेतु निराकरण व नियम अनुसार कदम उठाने की बात कही हे।



### भ्रष्टाचार के रोकथाम के लिए हमसे जितना बनेगा हम करेगेः मंजूषा भगत

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार महिलाओं की समस्या देखने को मिलती है आम लोगों के अधिकार व उनके हक को जो संविधान उन्हें देता हे उनके हक की चिंता करके व भ्रष्टाचार के रोकथाम के लिए हमसे जितना बनेगा हम आम नागरिकों के उत्थान के लिए आप के साथ सहयोग प्रदान करेंगे एवं हमसे संबंधित विषयों से हमें अवगत कारआंए जिसमें हम भी पूर्ण विषयों पर विषेष ध्यान देकर उनका निराकरण कर सकेंगे।

### सामाजिक न्याय व उनके अधिकार आम जनता तक आसानी से पहुंच सकेः मंगल पांडे

सभा में उपस्थित वरिष्ठ समाज सेवी श्री मंगल पांडे ने कहा कि समाज में महिलाएं बच्चे व आम नागरिकों की समस्या को उठाने हेतु एवं समाज में भ्रष्टाचार व हिंसा से पीड़ित लोगों की मदद के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे एवं यथाशक्ति सहयोग प्रदान करेंगे जिससे सामाजिक न्याय व उनके अधिकार आम जनता तक आसानी से पहुंच सके। इसी क्रम में वरिष्ट समाज सेवी अजय तिवारी व अनिल मिश्रा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये।

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

सभा में उपस्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश समन्वयक श्री संतोष विष्वकर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष घासीदास भारद्वाज ने सरगुजा संभाग में जिले में कुछ महत्तवपूर्ण पदों की घोषणा की जिसमें सरगुजा संभाग के अध्यक्ष हेतु सुनील कुमार बंसल को नियुक्त किया गया, सतीष कंसारी को सरगुजा संभाग महासचिव बनाया गया, सियाराम तिर्की को संभाग जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया तथा सरगुजा जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुये सरगुजा जिले के जिला अध्यक्ष के रूप में विशाल शर्मा को नियुक्त किया गया, अनुप प्रभात लकड़ा को सरगुजा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया आशीष मिततल को सूरजपुर जिला प्रभारी नियुक्त किया गया एवं रजरीष गर्ग को जिला सूरजपुर सचिव नियुक्त किया गया।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

सभा में विषेष रूप से राजकुमार गुप्ता,अशोक टंडन, भानूप्रताप दिक्षित,शामबेल लकड़ा,मनोज मोहन खलखो,गुणेन्द्र भारद्वाज,ममता विश्वकर्मा, सीता दुबे,सुनीता विश्वकर्मा,रोशनी उपाध्यय,चंदा नेताम, प्रियंका पोशाम,नवीन जिंदल,आनन्द कुशवाहा, सुविंदा देवी,गिरधारी सिंह चंदेल,आनन्द वर्मा, अभिषेक प्रजापति,अभिषेक सिंह पोशाम उपस्थित रहे।



## थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा जुआ एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

### जुआ खेल रहे कुल 03 आरोपी किये गए गिरफ्तार

-संवाददाता-
सीतापुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा पुलिस द्वारा अवैध जुआ सट्टा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है दिनांक 16/04/25 कों थाना सीतापुर पुलिस टीम कों मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि सोनतराई कोठीपहाड़ मे सड़क किनारे पेड़ के निचे सार्वजानिक स्थान मे कुछ व्यक्ति तास पत्ती से रुपये पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश देकर आरोपियों की घेराबंदी कर कुल 03 आरोपियों कों मौक़े से जुआ खेलते पकड़ा गया,आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम (01) पप्पू सोनी पिता स्व. विजय शंकर सोनी उम्र 35 वर्ष साकिन पुराना बस्ती सीतापुर (02) अश्वनी दास पिता अमर दास उम्र 59 वर्ष साकिन सोनतराई मेन रोड़ सीतापुर (03)इरफ़ान खान पिता अब्दुल खान उम्र 38 वर्ष साकिन सोनतराई सीतापुर का होना बताये आरोपियों के कब्जे से कुल 11000/- रुपये नगद एवं ताश का 52 पत्ता जप्त किया गया हैं, आरोपियों का कृत्य सदर धारा का होना पाये जाने से थाना सीतापुर मे अपराध क्रमांक 148/25 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रति.अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों गिरफ्तार कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल,उप निरीक्षक रघुराम भगत,उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह,सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता,आरक्षक मनोहर पैकरा,धनकेश्वर यादव उमेश गुप्ता,सैनिक विनायक लकड़ा रमेश अगरिया सक्रिय रहे।

## कोयला चोरी के लिए जान की बाजी लगाने से भी पीछे नहीं हट रही हैं महिलाएं

# पटना थाना क्षेत्र में कोयला चोरी आम बात

» रेलवे स्टेशन के ठीक सामने से कोयला चोरी कर पटरियां पार करती हैं महिलाएं,मालगाड़ियों को भी करती हैं नीचे से पार

» कभी भी हो सकती है गंभीर दुर्घटना...जा सकती है महिलाओं की कोयला चोरी के दौरान जान...जिम्मेदार नहीं देते ध्यान...

» कटोरा रेलवे साइडिंग से चोरी करती हैं महिलाएं दिन दहाड़े कोयला,एसईसीएल के गार्ड और आरपीएफ भी मामले में हैं मौन








-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/पटना,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कोयला चोरों के लिए पटना थाना क्षेत्र अब खुली छूट वाला क्षेत्र बन गया है जहां कोयला चोरों को कोई धरने पकड़ने वाला नहीं है और अब दिन दहाड़े भी कोयला चोरी हो रही है और अब महिलाएं भी इस चोरी के काम में सहभागी बन रही हैं। कोयला चोरी के लिए जान की बाज़ी भी महिलाएं लगा रही हैं और दिन दहाड़े रेलवे स्टेशन कटोरा के एसईसीएल साइडिंग से जहां कोयला इकठ्ठा होता है से महिलाएं कोयला चुरा ले जाती हैं और वह इस दौरान रेल पटरियों साथ ही कटोरा रेलवे स्टेशन में खड़ी मालगाड़ियों को भी नीचे से कोयला लेकर पार करती हैं जिनमें इंजन लगा होता है और वह कभी भी रवाना होने की स्थिति में होती है। कोयला चोरी करने वाली महिलाएं ठीक रेलवे स्टेशन के सामने से कोयला चोरी करती हैं और न उन्हें एसईसीएल के ही कर्मचारी रोकते हैं और न ही उन्हें रेलवे सुरक्षा बल के ही कर्मचारी रोकने का प्रयास करते हैं। महिलाओं के साथ पुरुष भी लगातार रेलवे स्टेशन कटोरा के सामने से पटरियों को पार करके कोयला चोरी कर ले जाते हैं। वैसे कोयला चोरों का कटोरा रेलवे स्टेशन से बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन तक किस तरह आतंक बना हुआ है यह 13 अप्रैल को घटी घटना से समझा जा सकता है जब रेल पटरी पर पेड़ काटकर मालगाड़ी रोकने के प्रयास में एक्सप्रेस ट्रेन पटरी पर आ गई थी और लोको पायलट की सुझबुझ से सैकड़ों यात्रियों की जान बच सकी थी।

बता दें कि पटना थाना क्षेत्र में कोयला चोरों ने हद पार कर दी है और अब उन्हें कानून का और कानूनी कार्यवाही का भी भय नहीं है और न ही उन्हें पकड़े जाने का ही डर है, कोयला चोर इतने निडर हो चुके हैं कि वह हर हद तक जाकर कोयला चुराने के लिए तैयार हैं। कोयला चोर चोरी का कोयला अवैध ईंट भट्ठों को बेचते हैं और यही अवैध ईंट भट्ठे वाले उन्हें संरक्षण प्रदान करते हैं। हाल में ही कटोरा रेलवे स्टेशन के सामने से मालगाड़ियों के नीचे से कोयला चुराकर निकलकर जाते हुए महिलाओं का वीडियो सामने आया है जो दर्शाता है कि कोयला चोरी के लिए महिलाएं अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रही हैं। कोयला चोरी का कारोबार पटना थाना क्षेत्र सहित रेलवे स्टेशन क्षेत्र में वहीं वन क्षेत्र में पटना क्षेत्र के ऐसा कारोबार हो गया है जिसमें सफेदपोश ही चोरों के सरगना हैं और वही कोयला चोरों के साथ मिलकर इस काम को व्यापक बनाते हैं।

### अवैध ईंट भट्ठों के लिए होती है कोयले की चोरी

बता दें कि क्षेत्र में अवैध कोयला खदानों का संचालन भी होता है वहीं रेलवे की मालगाड़ियों से भी कोयला चुराया जाता है वहीं एसईसीएल की रेलवे साइडिंग से भी कोयला चुराया जाता है और सभी चोरी का कोयला अवैध ईंट भट्ठों में खपाया जाता है। पटना थाना क्षेत्र में रात के समय कोयला चोरों का वाहन बड़ी तेज गति से दौड़ता रहता है वहीं अब दिन में भी चोरी शुरू हो गई है। अब न रेल की सुरक्षा महफूज है यहां न एसईसीएल के कोयले की न वन क्षेत्र के कोयले की कुल मिलाकर राष्ट्रीय संपदा की लुट भी मची है और राष्टीय सम्पदा की सुरक्षा यहां दांव पर है और सबकुछ चंद पैसों ओ लालच में हो रहा है जहां जिम्मेदार भी लालच में आकर खुली छूट दे रखे हैं।

### प्रतिदिन दो बोरी का लक्ष्य जरूरत से ज्यादा कोयला चुराना क्या व्यापार?

कटोरा साइडिंग से प्रतिदिन कुछ महिला पुरुषों का टारगेट होता है कि वह दो बोरी कोयला चुराकर ले जाएं,यह उनकी दैनिक जरूरत है कि व्यापार से कोयला के जुड़ा है यह एक बड़ा प्रश्न है,कोयला चोरों को कोयला चुराने में कोई परेशानी नहीं होती और वह प्रतिदिन के अपने लक्ष्य को पूरा भी कर ले जाते हैं। बता दें कि कोयला चोरों का कटोरा रेलवे साइडिंग में आना जाना इस कदर है कि यह आम सी दिनचर्या जैसी बन गई है और उन्हें रोकने टोकने कोई मौजूद नहीं रहता वह साइडिंग का भी कोयला उठा ले जाते हैं और मौका मिलने पर स्टेशन में खड़ी मालगाड़ियों से भी कोयला उतार लेते हैं।

### महिला पुरुष सभी कटोरा साइडिंग में प्रतिदिन कोयले की करते हैं चोरी...यदि ईंधन के लिए होती है चोरी तो सही पर प्रतिदिन की चोरी कहीं व्यापार का उद्देश्य तो नहीं?

महिला हों या पुरुष सुबह से ही बड़ी मात्रा में कटोरा रेलवे साइडिंग की तरफ का रुख करते हैं और वह अपने टारगेट अनुसार दो बोरी कोयला लेकर ही वापस लौटते हैं। यदि उनका उद्देश्य ईंधन का है कोयला चोरी के पीछे घर के तो अलग बात है लेकिन यदि वह इसे व्यापार समझकर और ईंट भट्ठे वालों के लिए अंजाम देते हैं तो यह अलग बात है।वैसे बताया जाता है कि सभी कोयला चुराकर सीधे आसपास के ईंट भट्ठे जाते हैं और वहां वह कोयले को ईंट भट्ठे वालों को बेच देते हैं जो आसपास ही ईंट भट्ठा अवैध रूप से संचालित कर रहे होते हैं।

### जान की बिना परवाह किए मालगाड़ी के नीचे से कोयला चोरी करके ले जाती है महिलाएं

कटोरा रेलवे साइडिंग से जान की परवाह किए बिना महिलाएं कोयला चोरी कर ले जाती हैं,वह खड़ी मालगाड़ियों के नीचे से कोयला चोरी करके निकल जाती हैं जहां मालगाड़ियों में इंजन लगे रहते हैं चालू हालात में रहते हैं कभी भी रवाना होने की स्थिति में रहते हैं। बता दें कि महिलाएं निर्भीक होकर रेलवे स्टेशन के सामने से कोयला चुराकर ले जाती हैं और साथ ही पुरुष भी पीछे नहीं रहते।

---

## आबकारी विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारियों की देखेरेख करने वालों की स्कॉर्पियो वाहन से हुआ बड़ा हादसा

### मासूम बच्ची की गई जान

**प्लेसमेंट कर्मचारियों की देखरेख करने वालों की स्कॉर्पियो लेकर गए उसके ड्राइवर,खुले मैदान की जगह रहवासी कॉलोनी में नौसिखियों को सिखा रहा था गाड़ी और गाड़ी अनियंत्रित होकर घुसी घर के अहाते में और बच्ची की ले ली जान...**

**जिस वाहन से 8 साल की बच्ची की जान गई है उस वाहन में आबकारी विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे व उनके मित्र चला करते थे:सूत्र**





-संवाददाता-
बैकुंठपुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

गुरुवार की सुबह 18 साल की बच्ची के लिए अंतिम सुबह थी वह अपने नाना नानी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी और गुरुवार की सुबह वह अपने घर की ही बाउंड्री में खेल रही थी इसी समय आबकारी विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारियों की देखरेख करने वालों की वाहन लेकर निकला उनका ड्राइवर और एक नौसिखिए के हाथ में उस गाड़ी की स्टेरिंग थमा दी और वह गाड़ी ने उस 8 साल की बच्ची की जान ले ली। इस घटना को लेकर पूरा दिन चर्चा गर्म रहा सभी इस घटना के निंदा करते रहे, यह घटना कोरिया जिले के लिए काफी दर्दनाक घटना मानी जा रही है क्योंकि एक नौसिखिए के कारण किसी की 8 साल की बच्ची की जान चली गई वहीं एक रसूखदार आदमी के ड्राइवर की लापरवाही से चली गई। यह वाहन जिसकी है वह काफी रसूखदार व्यक्ति है जिसकी गाड़ी में पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे भी घुमा करते हैं आज इस गाड़ी से उस व्यक्ति के ड्राइवर की लापरवाही ने एक व्यक्ति एक बच्ची को रौंद दिया अपने घर के बाउंड्री के अंदर खड़ी बच्ची दीवाल के नीचे दबकर अपनी जान गवा दी जिसके बाद ड्राइवर व गाड़ी चलाने वाले दोनों को वहां के उग्र भीड़ ने खूब पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया पर इसके बाद भी रसूखदार मामले में राजनीतिक लाभ लेने में लग रहे और उनका प्रयास था कि बिना लाइसेंस वाहन चला रहे व्यक्ति का नाम पुलिस एफआईआर से हट जाए:सूत्र।

मिली जानकारी अनुसार, प्रेमाबाग निवासी सुनील विश्वकर्मा की भांजी इमांशी विश्वकर्मा,पिता बहादुर विश्वकर्मा (उम्र 8 वर्ष) गुरुवार सुबह 17 अप्रैल को घर के बाउंड्री के भीतर खेल रही थी। इसी दौरान स्कॉर्पियो सीजी 16 सीकियू 2859 वाहन को चला रहा नौसिखिया चालक आयुष पैकरा (उम्र 20 वर्ष), निवासी सत्तीपारा,नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार से बाउंड्री गेट में जबरदस्त ठोकर मार दिया, आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है परिजन बालिका को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### नाना नानी के घर रहकर पढ़ाई करती थी मृतक बालिका

मृतिका इमांशी नाना नानी के घर रहकर ही पढ़ाई करती थी उसके मामा डेयरी से संबंधित कार्य करते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन एक झटके में सब कुछ मातम में बदल गया।

### घनी बस्ती में हो रही थी ड्राइविंग की ट्रेनिंग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो में चालक के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था,जो घनी आबादी वाले क्षेत्र में गाड़ी चलाना सिखा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाउंड्री गेट और दीवार बुरी तरह टूट गई है। हादसे के बाद वाहन को पीछे करके किसी तरह बालिका को निकाला गया था।

### तेज रफ्तार वाहनों पर नहीं लग रही लगाम

शहर के रिहायशी वार्डों में दुपहिया और चारपहिया वाहनों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। ऐसे इलाकों में बच्चे सड़कों और घरों के सामने खेलते रहते है। जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। जाहिर है कि लोगों को एसे स्थान से हटकर खुले इलाकों में इस तरह के कार्य करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

---

## हत्या के मामले मे आरोपी पति हुआ गिरफ्तार



-संवाददाता-
सूरजपुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 16/04/25 को शाम के समय थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम कों जरिये मोबाईल के सूचना मिला कि ग्राम नर्मदापुर,खालपारा में खेल साय खोखसा के द्वारा अपने पत्नी मुडई बाई को आचरण में शंका कर गला में धारदार टांगी से मारकर हत्या कर दिया है कि सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटनास्थल ग्राम नर्मदापुर,खालपारा पहुंचकर देखा गया जो मुडई बाई मृत हालात में अपने घर के अन्दर में पड़ी थी कि मृतिका मुडई बाई का मौत हत्या करने से होना प्रतित हो रहा था, कि घटना स्थल का निरीक्षण एवं शव का निरीक्षण गवाहों को पुछताछ पर खेल साय खोखसा द्वारा अपने पत्नी को टांगी से मारकर हत्या करना बताने पर प्रथम दृष्टिया हत्या का अपराध घटित होना पाये जाने पर प्रार्थी दिनेश खोखसा के रिपोर्ट पर बिना नम्बरी अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 103(1) बी. एन. एस. का देहाती नालशी लेकर कर विधिवत कार्यवाही किया गया कि असल अपराध कायम करने बिना नम्बरी देहाती नालशी थाना लाकर पेश किया कि आरोपी के विरुद्ध थाना कमलेश्वरपुर मे अपराध क्रमांक 29/25 धारा 103(1) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी खेल साय खोखसा का पता तलाश किया जा रहा था,दौरान पता तलाश आरोपी कों हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम खेल साय खोखसा पिता मनी राम उम्र 35 वर्ष साकिन नर्मदापुर खालपारा का होना बताया आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपनी पत्नी के आचरण मे शंका कर लड़ाई झगड़ा करते हुए घटना दिनांक कों टांगी से प्राणघातक वार कर पत्नी मुड़ई बाई की हत्या कारित करना स्वीकार किया गया हैं, आरोपी द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार टांगी खून लगा हुआ जप्त किया गया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर निरीक्षक भरतलाल साहू, सहायक उप निरीक्षक डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद निकुंज,अखिलेश्वर भगत,महिला प्रधान आरक्षक ब्रिजिट सुषमा तिग्गा,आरक्षक अर्जुन पैकरा,धनेश्वर पैकरा, जेवियर बरवा, उमेश्वर राजवाडे, लुकन साय कुजूर, रविन्द्र निकुंज, सूरज राठिया अमित मिंज सक्रिय रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202504020700126**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

सुखरी प.ह.नं.00029(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-सुखराम सिंह
अनावेदक पक्षकार- हिरोंदिया,

**ईश्तहार**

आवेदक सुखराम सिंह आ0स्व0 धन्ना राम निवासी ग्राम सुखरी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुखरी स्थित खसरा नंबर 823/18, 840/1, 871/14 रकबा 0.101, 0.031, 0.344 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखो में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/05/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील-अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202504020700148**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015[1789/103 (0.0140 हे0)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-राकेश दुबे,
अनावेदक पक्षकार-कस्तुरीदेवी पति राम प्रदेश दुबे अज्ञान राकेश,

**ईश्तहार**

आवेदक राकेश दुबे आ0 सरजू प्रसाद दुबे व अन्य निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1789/103 रकबा 0.014 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक10-12-2012 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगाँ
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील-अंबिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क. /अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश मिश्रा आ0 राजनंदन मिश्रा, निवासी ग्राम कर्रा, तहसील लुण्ड्रा, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम रजपुरीखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 444/34 रकबा 0.175 हे0 मेसे रकबा 0.065 हे0 भूमि को विक्रेता सुनील यादव आ0 शिवमंगल, जाति बरगाह, निवासी ग्राम देवगढ,तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा दिनांक 24.09.2024 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बावत आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/05/2025 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202504020700150**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015[1789/49 (0.0120 हे0)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-राकेश दुबे,
अनावेदक पक्षकार-श्रीमती कस्तुरीदेवी पति राम प्रदेशदुबे,

**ईश्तहार**

आवेदक राकेश दुबे आ0 सरजू प्रसाद दुबे व अन्य निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1789/49 रकबा 0.012 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक10-12-2012 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगाँ

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील-अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202504020700148**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015[1789/103 (0.0140 हे0)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-राकेश दुबे,
अनावेदक पक्षकार- कस्तुरीदेवी पति राम प्रदेशदुबे अज्ञान राकेश,

**ईश्तहार**

आवेदक राकेश दुबे आ0 सरजू प्रसाद दुबे व अन्य निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1789/103 रकबा 0.014 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक10-12-2012 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगाँ

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील-अंबिकापुर


# बलरामपुर जिले के समग्र शिक्षा डीएमसी कर रहे हैं जन शिक्षकों से अवैध वसूली,लगा आरोप


» डीएमसी समग्र शिक्षा फोन पे के माध्यम से ले रहे हैं जन शिक्षकों से पैसा साक्ष्य सहित जन शिक्षक ने लगाया आरोप

» व्याख्याता एलबी हैं डीएमसी बलरामपुर,कांग्रेस शासनकाल से ही हैं पद पर जमे हुए

» भाजपा शासनकाल में भी प्रभाव था डीएमसी बलरामपुर का...अभी भी हैं प्रभावशाली...लगा आरोप








-प्रांजल सिंह-
बलरामपुर/रामानुजगंज,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बलरामपुर रामानुजगंज राम प्रकाश जायसवाल के द्वारा जिले के राजपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला लोधीडांड में पदस्थ शिक्षक रविन्द्र प्रसाद जो जन शिक्षक भी हैं से धमकाकर पैसे की मांग की गई है जिसकी शिकायत शिक्षक ने कलेक्टर से की है ऐसी शिकायत सामने आई है। शिकायत में जन शिक्षक ने बताया है कि आईसीटी मद के पैसे में से कमीशन के लिए यह दबाव उसके ऊपर डीएमसी समग्र शिक्षा ने बनाया है वहीं उनके द्वारा एक वेंडर खाते का फोन पे नंबर दिया गया था जिसके माध्यम से उन्होंने अवैध पैसे की मांग की थी। वैसे समग्र शिक्षा के द्वारा स्कूलों और संकुलों को प्रदान की जाने वाली राशि में से कमीशन की मांग केवल एक जिले की मांग नहीं है यह अवैध वसूली एक जिले की बात नहीं है कई जिलों से डीएमसी और बीआरसी द्वारा इस तरह की वसूली की बात सामने आती रहती है लेकिन बलरामपुर रामानुजगंज का मामला अलग है क्योंकि यहां सीधा आरोप लगा है वहीं यहां जन शिक्षक ने तथ्य भी प्रस्तुत किए हैं। वैसे जन शिक्षक ने डीएमसी पर कई और आरोप लगाए हैं उनकी पदस्थापना को लेकर भी सवाल उठाए हैं और उनका कहना है कि एक एल बी संवर्ग व्याख्याता वरिष्ठ व्याख्याताओं के मौजूद रहते हुए जिले में डीएमसी के पद पर कार्य कर रहा है और वह भी छह सालों से। जन शिक्षक का आरोप है कि पैसा नहीं देने की स्थिती में उसे जन शिक्षक पद से हटाने की बात भी वह कहते हैं और धमकी देते हैं। जन शिक्षक ने 5000 रूपये फोन पे के माध्यम से भेजे भी हैं जिसका वह ब्यौरा भी प्रस्तुत कर रहा है वहीं डीएमसी के द्वारा उसे बार बार फोन किया गया है अवैध मांग के लिए उसके लिए जन शिक्षक ने कॉल डिटेल भी प्रस्तुत किया है। 5000 भेजने के बाद भी 10000 की मांग डीएमसी राम प्रकाश जायसवाल कर रहे हैं धमकी दे रहे हैं यह जन शिक्षक का आरोप है।

शिकायतों पर गौर करें तो छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बैठे शिक्षा विभाग के जिले के उच्च अधिकारी ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं ऐसा आरोप है,आरोपों पर गौर किया जाए तो जिला मिशन समन्वयक के पद पर 6 साल से ज्यादा समय से बैठे अधिकारी राम प्रकाश जायसवाल ने भ्रष्टाचार की हद पार ही कर दी है ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि उनकी कार्यशैली से जिले में पदस्थ शिक्षा और अन्य विभाग के लोगों में खूब चर्चा है, शिक्षा विभाग के जिला मिशन समन्वयक पद पर बैठे राम प्रकाश जायसवाल ने ऐसा क्या हद पार कर दिया कि लोग उनके चर्चा भ्रष्ट अधिकारी के रूप में कर रहे हैं,जिले के राजपुर विकासखंड के प्रा.शा. लोधीडांड में पदस्थ शिक्षक रविन्द्र प्रसाद जो जन शिक्षक का कार्य भी करते है उन्होंने कलेक्टर बलरामपुर से मिलकर, डीएमसी राम प्रकाश जायसवाल के अवैध पैसे की मांग और धमका कर पैसे लेने की शिकायत की है और शिकायत में विस्तार पूर्वक साक्ष्य के साथ फोन पे माध्यम से लिए गए पैसे की प्रतिलिपि लगाते हुए शिकायत के माध्यम से गंभीर आरोप लगाए।




लगातार फोन करने वाले अधिकारी का फोन आने का प्रुफ




फोन पे पर भेजे गए पैसे की सिलिप

## क्या धमाकाकर वसूले जा रहे हैं पैसे?



इन्हीं पर लगा है आरोप

जिला मिशन समन्वयक ने एक शिक्षक से धमकाकर और प्रताड़ित कर अपने फोन पे पर उसके वेतन के पैसे लिए जिसकी गूंज अब पूरे जिले में सुनाई दे रही है, अब यह मामला विभाग से बाहर आ गया है और आरोपी के साथ जांच पर अटक गया है, स्कूल के आईटीसी मद के पैसे को अपने द्वारा दिए गए वेंडर के खाते में अवैध रूप से डालने का दावा भी सूत्रों के द्वारा किया जा रहा है। रविंद्र प्रसाद ने शिकायत में लिखा है कि दिनांक 19/03/2025 को प्रातः 9:18 बजे डीएमसी बलरामपुर द्वारा फोन कर के संकुल ककना अंतर्गत माध्यमिक शाला ककना और माध्यमिक शाला मदनेश्वरपुर के स्कूल खाते में आईटीसी मद की राशि 12000-12000 रुपए डालने की सूचना देते हैं और कहते हैं कि मैं जिस वेंडर का अकाउंट नंबर दूंगा उसमें पूरा पैसा डलवा दो,जब मैं इसके लिए मना कर दिया तो मुझे वेतन से पैसा देने की बात कहने लगे और मुझको बार-बार फोन करने लगे इसके बाद मैं लगातार परेशान होकर शाम को उनके फोन पे नंबर 6260055741 में 5000 रुपए अपने फोन पे के माध्यम से अपने पैसे डाल दिया। लेकिन शाम 7:41 बजे से लगातार डीएमसी सर के फोन आने लगे मैं परेशान होकर फोन नहीं उठाया अगले दिन 20/03/2025 को सुबह 11:30 बजे फोन करके डीएमसी सर 10000 और मांगने लगे मैं देने से मना कर दिया जिससे सर नाराज होकर मुझे गाली देने लगे और सीएसी पद से हटाने की धमकी भी दिए। क्योंकि मैं मेरा पदोन्नति प्रधान पाठक के पद पर हो गया है मेरे साथ राजपुर विकासखंड के 10 और सीएसी प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत हुए हैं तथा सभी संकुल से संकुल प्राचार्य द्वारा शासन से जारी दिशा निर्देश अनुरूप प्रस्ताव पत्र शिक्षकों का प्रस्ताव जिला मिशन समन्वयक कार्यालय भेजा गया, परंतु डीएमसी सर द्वारा केवल ककना संकुल के लिए ही एक सहायक शिक्षक को सीएसी नियुक्त कर दिया गया जबकि इस सहायक शिक्षक का नाम संकुल प्राचार्य द्वारा दिए गए प्रस्ताव में नहीं था उनसे पैसा लेनदेन करके सीएसी बना दिया गया।

### लंबे समय से भ्रष्टाचार और अवैध पैसे लेने के लग रहे है गंभीर आरोप

पूर्व में अक्टूबर 2024 के समय भी विकासखंड वाड्रफनगर के एक शिक्षक ने जिला मिशन समन्वयक राम प्रकाश जायसवाल के ऊपर तीस हजार रुपए लेकर पोस्टिंग करने के आरोप लगाए थे जिसका व्हाट्सऐप, कॉल ऑडियो और जिस शिक्षक ने आरोप लगाया था उसका वीडियो भी मीडिया में वायरल हुआ था। नियमानुसार ये जिला मिशन समन्वयक पद पर रहने के पात्र भी नहीं है ये मुख्य रूप से व्याख्याता एलबी हैं जिले अथवा राज्य में इनसे वरिष्ठ व्याख्याता और प्राचार्य उपलब्ध हैं जो नियमानुसार मिशन समन्वयक के पद के लिए पात्र है लेकिन राजनीतिक पकड़ होने की वजह से ये 6 साल से जमे हुए है।

### सूत्रों के हवाले से खबर है की

कांग्रेस शासन काल मे इनकी पहुच शिक्षा मंत्री तक भी थी तभी से ये भ्र्ष्टाचार के बड़े आरोपों और नियम विरुध तरीके से पद पर बने हुये है, इनके शिक्षा विभाग मे डीएमसी के पद पर नियम विरुध पदस्त होने से वरिष्ठ प्रचार्य और व्यख्यता काफि क्षुब्ध हैं।

### कलेक्टर साहब भी करेंगे न्याय

शिकायतकर्ता अरविंद प्रसाद ने कहा कि हमने कलेक्टर साहब को शिकायत की हैं कलेक्टर साहब ही अब इस मामले में संज्ञान लेंगे और वह जैसा बोलेंगे हम वैसा करेंगे, अब सारी चीज कलेक्टर साहब पर निर्भर है हम उनके निर्देशों का पालन करेंगे।

### कुछ महत्वपूर्ण बिंदु

हाई कोर्ट का निर्देश है की शिक्षको की कमी को ध्यान मे रखते हुये व्याख्याता एलबी को पदस्त शाला मे होना चाहिए...

इनका पद मुख्य रूप से व्याख्याता एलबी है जो काफी कनिष्ठ है जबकि इस पद पर नियम अनुसार वरिष्ठ को होना चाहिए...

ये मूल रूप से व्यख्यता एलबी हैं और इनकी मुख्य पदस्थापना सरगुजा जिले मे हाईयर सेकेंडरी स्कूल लूंड्रा मे है...

व्याख्याता एलबी के पदोंनती के तुरत बाद अपने पहुँच और पैसे के बल पर नियमों को ताक पर रखते हुये ये बलरामपुर जिले मे डीएमसी के पद पर 6 साल से जमे हुये हैं...

जबकि नियमों के अनुसार डीएमसी के पद पर प्रचार्य अथवा वरिष्ठ व्याख्याता को पदस्थ होना चाहिए।

डीएमसी पोस्ट पर पदस्थ जायसवाल बलरामपुर मे 2018 से पदस्थ हैं, इतने लम्बे समय मे पूर्व मे भी इन पर पैसा लेकर काम करने के आरोप लग चुका है...

पूर्व मे इनपर आत्म रक्षा प्रशिक्षण के नाम पर भी कमीशन लेने का आरोप लग चुका है जिसमे भी इनकी सौदे की आडिओ वायरल हुई थी...

कई बार लगाया गया फोन पर नहीं उठाया फोन...गंभीर आरोप की शिकायत पर इसकी सच्चाई जानने के लिए जब डीएमसी रामप्रकाश जायसवाल को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया जिस वजह से उनसे संपर्क नहीं हो पाया और उनके ऊपर लगाए आरोपों पर हम उनका पक्ष नहीं रख पाए।

---

30 अप्रैल सर्वे की अंतिम तिथि, सभी अविलंब कराए सवे: विधायक श्री मरावी

# विधायक भूलन सिंह ने किया पटना के मंगल साय का सर्वे





-संवाददाता-
सूरजपुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चल रहे मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत प्रेमनगर विधानसभा के विधायक श्री भूलन सिंह मरावी द्वारा स्वयं से ग्राम पंचायत पटना में परिवार का सर्वे किया गया। शासन स्तर से इसके लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है जिसमें प्रथम चरण में राज्य के समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वे करने का कार्य किया जाना है। विधायक श्री मरावी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए,कहा कि यह बहुत अच्छा अवसर है मोदी जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सभी छूटे हुए पात्र परिवारों का पुनः सर्वे होकर पक्का मकान देने की दिशा में कार्य हो रही है। आप सभी इस महाअभियान का लाभ लीजिए और इस बात को सुनिश्चित करिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित ना रहे। इसके लिए किसी को भी राशि देने की आवश्यकता नहीं है यह पूर्णतः निःशुल्क है, अगर कोई राशि को मांग करे तो तत्काल जिला/जनपद पंचायत में सूचित करिए। इसी क्रम में उन्होंने कहां कि विगत 6-8 माह में हमने हजारों की संख्या में आवास की स्वीकृति करने का कार्य किया है इन मकानों को भी आप सभी अविलंब पूरा करिए। सीईओ जनपद पंचायत श्री संजय राय ने बताया कि सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित है इसके बाद सर्वे हुए सभी नामों का ग्राम पंचायत में वाचन करके अंतिम में पूर्णता प्रमाण पत्र लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में अब तक 76811 परिवारों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें भैयाथान से 20953, ओड़गी से 7657,प्रतापपुर से 14359,प्रेमनगर से 6697, रामानुजनगर से 14276 एवं सूरजपुर से 12869 का सर्वे हो चुका है। उक्त कार्यक्रम में जपनद अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह,उपाध्यक्ष श्री राम प्रताप साहू,श्री सुजीत देव पांडेय,जनपद सदस्य, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# प्रधान मंत्री आवास निर्माण को दबंगों ने रोका

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण ने लगाई न्याय की गुहार





-संवाददाता-
लखनपुर,17 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत तूनगुरी में विशेष आरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा बैजनाथ राम आत्मज बुटूल,राम सिंह आत्मज चेतन, बाबू लाल आत्मज बकानिया,हीरा लाल आत्मज बकानिया के द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर खेती बाड़ी कर जीवन यापन करते हैं। 2011 सर्वे सूची में गरीबी रेखा में नाम होने से स्वीकृत प्रधान मंत्री आवास वर्ष 2024-25 में उक्त व्यक्तियों को तीन आवास मिले है। उक्त शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराया जा रहा है गांव के ही दबंगो द्वारा विशेष आरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार को डरा धमका कर पीएम आवास निर्माण में रोक लगा जमीन लूटने का प्रयास किया जा रहा है। कोरवा जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच कर एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। अब देखना होगा कि केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोरवा जनजाति परिवार आवास निर्माण करा पाएंगे या फिर न्यायालय का चक्कर लगाते लगाते थक हार कर आवास निर्माण के लाभ से वंचित रह जायेंगे।

## संक्षिप्त खेल खबर

### सुरुचि और सौरभ की जोड़ी ने रचा इतिहास




**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2025।** सुरुचि फोगाट और सौरभ चौधरी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा है। उन्होंने याओ कियानक्सुन और हू काई की चीनी जोड़ी को 17-9 से हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता। यह सुरुचि का तीसरा विश्व कप स्वर्ण और सौरभ का नौवां स्वर्ण पदक था।

इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में संयुक्त 580 अंकों के साथ लास पालमास रेंज में स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई, जिसमें सुरुचि ने सौरभ को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। चीनी जोड़ी ने 585 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया. फाइनल मुकाबले में भी चीनी जोड़ी ने 2-6 और 4-8 की बढ़त के साथ बढ़त हासिल की, लेकिन भारतीय कोच समरेश जंग द्वारा लिए गए टाइम आउट से मैच की गति बदल गई।

### सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी,किये कई बड़े खुलासे



**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2025।** आईपीएल 2025 के समापन के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली है। ये सीरीज 20 जून से शुरू होगी। भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इस दौरे को टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती करार दे रहे हैं, क्योंकि भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद कर रहा है।

# आज होगी आरसीबी और पीबीकेएस की भिड़ंत

» कैसा है दोनों टीमों का हेड टू हेड रिकॉर्ड

» किसका पलड़ा है भारी



**बेंगलुरु,17 अप्रैल 2025।** आईपीएल 2025 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच 18 अप्रैल को शाम 7:30 बजे से बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है। दोनों ही टीमों ने अपने पिछले मुकाबले में शानदार जीत हासिल की थी। बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को उनके घर पर 9 विकेट से शिकस्त दी थी। जबकि पंजाब किंग्स ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को लो स्कोरिंग मुकाबले में 16 रन हराया था।

### आरसीबी व्हीएस पीबीकेएस: हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल इतिहास में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच की हेड टू हेड रिकॉर्ड के बारे में बात करें तो वहां दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली है और एक जीत के साथ पंजाब की टीम आगे है। दोनों टीमों के बीच अब 33 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 16 मैचों में आरसीबी ने जीत दर्ज की है। वहीं 17 में पीबीकेएस ने बाजी मारी।

### आरसीबी व्हीएस पीबीकेएस:आखिरी पांच मैचों की रिजल्ट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 60 रन से जीत दर्ज की
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 4 विकेट से जीत दर्ज की
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 24 रन से जीत दर्ज की
पंजाब किंग्स ने 54 रन से जीत दर्ज की
पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज की

### आईपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल पर क्या है दोनों टीमों की मौजूदा स्थिति

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम रजत पाटीदार की कप्तानी में 6 मैचों में चार जीत दर्ज की है। वो 8 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में अब तक 6 मे से चार जीत चुकी है और उनकी टीम फिलहाल चौथे स्थान पर है।

### आरसीबी व्हीएस पीबीकेएस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 पर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा

**पंजाब किंग्स:** प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर),नेहल वढ़ेरा,ग्लेन मैक्सवेल,शशांक सिंह,मार्को जेनसेन, जेवियर बार्टलेट,अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

# नीरज चोपड़ा ने लहराया तिरंगा

### धमाकेदार अंदाज में जीत लिया गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2025।** नीरज चोपड़ा की गिनती भारत के बेहतरीन जैवलिन प्लेयर्स में होती है। उनकी वजह से ही जैवलिन भारत के घर-घर में लोकप्रिय हुआ है। अब नीरज दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पॉट इनविटेशनल ट्रैक टूर्नामेंट जीतकर अपने सेशन की शानदार शुरुआत की। इससे आने वाली डायमंड लीग टूर्नामेंट के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### नीरज चोपड़ा ने हासिल की टॉप पोजीशन

नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में टॉप पोजीशन हासिल की। भारतीय स्टार चोपड़ा दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर था। उनका प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए।

### तीसरे स्थान पर रहे डंकन रॉबर्टसन

केवल दो खिलाड़ियों नीरज चोपड़ा और डौव स्मिट ने ही टूर्नामेंट में 80 मीटर की दूरी पार की। दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी डंकन रॉबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में प्रैक्टिस कर रहे हैं। जेलेजनी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

### दो ओलंपिक मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय

27 साल के नीरज चोपड़ा पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट टूर्नामेंट्स में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) और 2024 पेरिस खेलों (रजत) में लगातार ओलंपिक पदक जीते। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। वह इकलौते ऐसे जैवलिन भारतीय प्लेयर हैं, जिन्होंने दो ओलंपिक मेडल जीते हैं।

## बीसीसीआई ने कोच के बेहद करीबी शख्स की अचानक कर दी छुट्टी



**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2025।** टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम को 1-3 से हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद भारतीय टीम की हर जगह आलोचना हुई थी। अब बीसीसीआई ने बड़ा एक्शन लिया है।

### फील्डिंग कोच टी दिलीप को भी हटाया

इंडिया टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर को हटा दिया है और उनके साथ फील्डिंग कोच टी दिलीप को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अभिषेक को 8 महीने पहले ही बैटिंग कोच बनाया था। लेकिन उनके कार्यकाल में बल्लेबाजों का बहुत ही खराब प्रदर्शन देखने को मिला और वह बेअसर साबित हुए। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई नया बल्लेबाजी कोच नहीं लाएगी, क्योंकि सीतांशु कोटक पहले ही बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हुए हैं। अभिषेक को भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर का बेहद करीबी माना जाता है। रायन टेन डेश्काटे असिस्टेंट कोच की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें फील्डिंग कोच की भूमिका मिल सकती है। स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है। लेकिन उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया गया है। रिपोर्ट में ऐसा बताया गया है कि साउथ अफ्रीकी ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स को भारत का नया स्ट्रेंथ कंडीशनिंग कोच बनाया जाना तय लग रहा है। वह मौजूदा समय में आईपीएल में पंजाब किंग्स से जुड़े हुए हैं।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

# जिस खिलाड़ी ने नहीं खेला एक भी मैच,उसको भी मिली जगह



**मेलबर्न,17 अप्रैल 2025।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिला टीम के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने 2025-26 के लिए 18 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी है। उन्होंने इस साल के कॉन्ट्रैक्ट में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल किया है। इस लिस्ट में एक खिलाड़ी ऐसी भी है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक एक भी मैच नहीं खेला है उनको भी बोर्ड ने कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी है। जॉर्जिया वोल और ऑलराउंडर टेस फ्लिंटॉफ को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा बनाया गया है।

### जॉर्जिया वॉल का नाम है शामिल

सिडनी थंडर के लिए डब्ल्यूबीबीएल में जॉर्जिया वॉल ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बाद पिछले साल दिसंबर में उन्होने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और वहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अब तक 1 टेस्ट, 3 वनडे और 6 टी20 आई मैच खेले हैं। वह वनडे में एक शतक भी लगा चुकी हैं। वहीं मार्च में वॉल को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला था।

### टेस फ्लिंटॉफ को मिला कॉन्ट्रैक्ट

लिस्ट में एक नाम देखकर कई लोग हैरान हुए, वो नाम है ऑलराउंडर टेस फ्लिंटॉफ का। 22 साल की इस खिलाड़ी ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू नहीं किया है, इसके बावजूद उन्हें कॉन्ट्रेक्ट का हिस्सा बनाया गया है। इससे साफ पता चलता है कि सेलेक्टर्स को उनकी काबिलियत के बारे में पता है और फ्यूचर में वो ऑस्ट्रेलिया के लिए एक स्टार खिलाड़ी बन सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया के सेलेक्टर शॉन फ्लेगर ने भी कहा कि फ्लिंटॉफ जोश से लबरेज खिलाड़ी हैं और वह जल्द ही ऑस्ट्रेलिया की जर्सी में खेलते हुए नजर आएगी।

### जेस जोनासन हुई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर

इसके अलावा छह बार की वर्ल्ड कप चैंपियन प्लेयर जेस जोनासन को कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। जोनासन को लेकर ऑस्ट्रेलियन सेलेक्टर ने कहा कि उनको इस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं किया गया है। बोर्ड हमेशा टीम के बाहर के खिलाड़ियों पर नजर रखता है, हम उनके ऊपर भी नजर बनाए रखेंगे।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इन महिला प्लेयर्स को दी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह

डर्सी ब्राउन, टेस फ्लिंटॉफ, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ,हीथर ग्राहम,ग्रेस हैरिस, एलिस हीली,अलाना किंग,लिचफील्ड,ताहलिया मैक्ग्रा,सोफी मॉलीन्यूक्स,बेथ मूनी,एलिस पेरी, मेगान शट्ट,एनाबेल सदरलैंड,ताएला व्लैम्निक, जॉर्जिया वॉल,जॉर्जिया वेयरहम

# अब हर बल्ले बाज के बल्ले की होगी चेकिंग



» अंपायर ने चेक किया रियान पराग का बल्ला,

» हुई तगड़ी बहस, फिर लिया गया ऐसा फैसला

**जयपुर,17 अप्रैल 2025।** राजस्थान रॉयल्स की टीम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित 20 ओवर्स तक दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर था, फिर दोनों टीमों के बीच सुपर ओवर हुआ, जहां बाजी दिल्ली के हाथ लगी। मैच में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और बुरी तरह से फ्लॉप रहे। उन्होंने मैच में 11 गेंदों में 8 रन बनाए,जिसमें एक चौका शामिल रहा। मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन रिटायर्ड हर्ट होकर वापस पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद तीसरे नंबर पर पराग बैटिंग करने के लिए आए थे, लेकिन तब अंपायर्स ने उनका बल्ला चेक किया। अंपायर यह देखना चाहते थे कि उनका बल्ला टूर्नामेंट के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार हो।

### मैदान पर उतरने से पहले ही चेक होगा खिलाड़ियों का बल्ला

रियान पराग का बल्ला जब अंपायर चेक कर रहे थे, तब उनकी अंपायर के साथ तगड़ी बहस हुई। अंत में उनका बल्ला आईपीएल में तय मानकों पर खरा नहीं उतरा और उनके पास यही एक ऑप्शन था कि वह इसे बदल दें। फिर उनका बल्ला बदलने का फैसला लिया गया। नियम के मुताबिक मैदान पर उतरने से पहले फोर्थ अंपायर बल्लेबाजों के बल्ले को चेज करेंगे। इसके बाद ऑन फील्ड अंपायर भी बल्लों का परीक्षण करेंगे। बल्लेबाज के गार्ड लेने से पहले हर बल्ला एक गेज से होकर गुजरेगा।

### नियम मुताबिक इतनी होनी चाहिए बल्ले की लंबाई

नियम के हिसाब से बल्ले की कुल लंबाई हैंडल को मिलाकर 38 इंच (96.52 सेमी) से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं बल्ले की चौड़ाई 4.25 इंच (10.8 सेमी) से अधिक नहीं होनी चाहिए। बल्ले के किनारे 1.56 इंच (4.0 सेमी) से अधिक नहीं होने चाहिए।

### जायसवाल और राणा के अर्धशतकों पर फिरा पानी

मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 188 रन बनाए थे, तब अभिषेक पोरेल ने शानदार 49 रनों की पारी खेली थी। उनके अलावा केएल राहुल ने 38 रनों का योगदान दिया। ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल ने 34-34 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम 188 रनों के स्कोर तक पहुंच पाई। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल और नीतिश राणा ने अर्धशतक लगाए,लेकिन बाकी के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करने में फ्लॉप साबित हुए। 20 वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने बेहतरीन गेंदबाजी की और उनकी वजह से ही राजस्थान की टीम टारगेट चेज नहीं कर पाई और 20 ओवर्स में 188 रन बना पाई। इससे मैच टाई हो गया। फिर सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स ने 11 रन बनाए। बाद में दिल्ली कैपिटल्स ने इस स्कोर को आसानी से चेज कर लिया।

# मिस इंडिया बनकर की बॉलीवुड में एंट्री,खूबसूरती से दी रेखा को टक्कर,लंबा कद बना आफत,बी-ग्रेड फिल्में कर हुईं गुमनाम



70 के दशक से लेकर 90 के दशक तक बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियों ने एंट्री की। अलग पहचाना के साथ इन हसीनाओं ने इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। हालांकि कुछ ही अभिनेत्रियां अपनी जगह पक्की कर पाई। कई अभिनेत्रियों ने नए आयाम सेट किए, वहीं कुछ गायब हो गईं। इस दौर में आई बहुत सी हसीनाएं थीं जो चंद फिल्मों से स्टार बनीं और फिर अचानक ही इंडस्ट्री छोड़कर गायब हो गईं। इन हसीनाओं ने खुद ही अपना करियर बर्बाद कर दिया। आज हम एक ऐसी अभिनेत्री के बारे में बात करेंगे, जिसने ब्यूटी कॉन्टेस्ट से अपना सफर शुरू किया और जल्द ही बॉलीवुड में छा गई। हालांकि कुछ वक्त इंडस्ट्री में गुजारने के बाद ये इंडस्ट्री से गायब हो गईं। लोग हैरान रह गए कि आखिर वह कहां चली गई। उन्होंने अपने ग्लैमरस अवतार और दमदार अभिनय से सुपरस्टार रेखा को कड़ी टक्कर दी।

### ब्यूटी पेजेंट जीतकर बनीं हीरोइन

हम जिस अभिनेत्री के बारे में बात कर रहे हैं, उनका नाम सोनू वालिया है। सोनू अपने समय की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक बनकर उभरीं। संजीत कौर वालिया के रूप में जन्मी सोनू उस दौर की टॉप अभिनेत्रियों में गिनी जाती थीं। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वे साइड रोल में ही नजर आईं। उन्होंने साल 1985 में फेमिना मिस इंडिया का खिताब जीता था। सोनू ने कई शानदार फिल्मों में काम किया। वो रेखा और कबीर बेदी के साथ खून भरी मांग में नजर आईं। इस फिल्म में उनके इंटीमेट सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया था। इसके अलावा उन्होंने शाहरुख खान और दिव्या भारती की फिल्म दिल आशना है में भी काम किया।

### इस वजह से नहीं मिला काम

अपने करियर में सोनू ने कई बड़े नामों के साथ काम किया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड कई सितारे उनके साथ काम नहीं करना चाहते थे और इसकी वजह उनकी लंबी हाइट थी। उनकी लंबाई के चलते ही उनका करियर पिट गया। अपने एक इंटरव्यू में सोनू ने बताया था कि वे दूसरी अभिनेत्रियों और अभिनेताओं से भी ज्यादा लंबी हैं और यही वजह है कि उन्हें फिल्मों में कम मौके मिले। उस दौर में कई छोटे कद के एक्टर लीड रोल निभा रहे थे, जो उनके साथ काम नहीं करना चाहते थे। ये एक बड़ी वजह रही कि उनका करियर धड़ाम हो गया। हालांकि उन्होंने इसे एकमात्र कारण के रूप में जिम्मेदार नहीं ठहराया, लेकिन उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में ये एक कारण बन गया है कि उन्हें अच्छी स्क्रिप्ट नहीं मिल रही थी बीते कई सालों में सोनू वालिया ने कुछ अच्छी भूमिकाएं पाने के लिए कड़ी मेहनत की। हालांकि, उन्हें कोई भूमिका नहीं मिली और बाद में उन्होंने बी-ग्रेड फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। बहुत संघर्ष के बाद सोनू वालिया ने शादी करने और घर बसाने का फैसला किया। उन्होंने अमेरिका में रहने वाले एक एनआरआई सूर्य प्रताप सिंह से शादी की। उनका 2009 में निधन हो गया। वर्तमान में सोनू एक प्रोडक्शन हाउस से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने एक्टिंग से पूरी तरह से दूरी बना ली है।

### जल्द होगी जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात, ईशान-भूमि स्टारर 'द रॉयल्स' की रिलीज डेट आउट




अभिनेता ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर स्टारर अपकमिंग सीरीज 'द रॉयल्स' की रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। सीरीज का प्रीमियर 9 मई को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने दर्शकों को बताया कि जल्द ही जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात होगी। नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, जिद्दी राजकुमार की मुलाकात गर्लबॉस आमकुमारी से होती है। रॉयल मेस या शाही प्रेम कहानी? 9 मई को रिलीज होने वाली 'द रॉयल्स' सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें। प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना के निर्देशन में बनी सीरीज में भूमि पेडनेकर,इशान खट्टर,जीनत अमान के साथ साक्षी तंवर,नोरा फतेही,डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन,चंकी पांडे,विहान समत, काव्या त्रेहान,सुमुखी सुरेश,उदित अरोड़ा,लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## महत्वपूर्ण खबर

### आईएफएस अधिकारी गिरफ्तार



### तेंदूपत्ता घोटाले में पहली बड़ी कार्रवाई

**रायपुर,17 अप्रैल 2025(ए)।** करोड़ों के तेंदूपत्ता घोटाले में सुकमा के डीएफओ की गिरफ्तारी की बड़ी खबर सामने आ रही है।एसीबी-ईओ डब्ल्यू की टीम ने आज सुबह सुकमा के तत्कालीन डीएफओ अशोक पटेल को रायपुर स्थित एक बंगले से अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह आईएफएस अशोक पटेल को करोड़ों के तेंदूपत्ता घोटाले में लिप्तता के चलते गिरफ्तार किया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि आज उन्हें अदालत में पेश कर एसीबी-ईओ डब्ल्यू रिमांड में ले सकती है। बताया जा रहा है कि वन एवं जलवायु विभाग के मुखिया भी एजेंसियों के निशाने पर है।

### पुजारी भी मर्डर करता है,वकील की दलील पर बोले जज...

**बिलासपुर,17 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक सुनवाई के दौरान सीजे ने जमकर



नाराजगी जताई। दरअसल, रतनपुर महामाया शक्तिपीठ के मंदिर परिसर स्थित कुंड में 23 कछुओं की मौत हो गई थी। इसी मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सख्ती दिखाई गई। सुनवाई के दौरान वकील ने पुजारी शब्द का जिक्र किया,तब चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा भड़क गए। उन्होंने कहा कि बार-बार पुजारी और लेडी कहकर बचाव मत करिए,मर्डर कोई भी कर सकता है। पवित्र स्थल को गंदा कर दिया है और आप उनका बचाव कर रहे हैं।

# बैठक में मुख्यमंत्री ने छोटे व्यापारियों को दिया तोहफा

## बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के वैट देनदारियों को माफ करने का निर्णय...

**रायपुर,17 अप्रैल 2025(ए)।** साय कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

## मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय...

◆ मंत्रिपरिषद की बैठक में परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा/बस्तर/बिलासपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।

इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी।

◆ कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया।

जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।

◆ कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर,छत्तीसगढ़ में एन.आई.एफ.टी. के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस



### नवा रायपुर में बनेगा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस

कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एन.आई.एफ.टी. के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि क्रय हेतु 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है। इस संस्थान की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे।

परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि क्रय हेतु 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है। इस संस्थान की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भारत में फैशन शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 1986 में कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत हुई थी।

एन.आई.एफ.टी. के पूरे भारत में 17 परिसर हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु शामिल हैं। यह संस्थान फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए फैशन उद्योग के साथ सहयोग करता है।

◆ मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं संबंधित नगर निगमों को अधिकृत किया है।

◆ मंत्रिपरिषद ने राज्य में सहकारिता को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक आवश्यक शक्कर का क्रय राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से करने का निर्णय लिया है। इस हेतु शक्कर का क्रय मूल्य 37,000 रू. प्रति टन (एक्स फैक्ट्री, जी.एस.टी. अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है।

◆ मंत्रिपरिषद ने स्थानीय रोजगार और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके लिए 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है।

# खाद्य विभाग ने फिर पकड़ी नकली पनीर

» पूर्व में पकड़ाए सौरभ शर्मा की ही डेयरी से हुई जब्ती...

» सैंपल लेकर अफसरों ने किया सील...

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** प्रदेश की राजधानी रायपुर में नकली पनीर को लेकर पूर्व में की गई कार्यवाही के बावजूद वही कारोबारी फिर से नकली पनीर का धंधा करते हुए फिर से पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस बार कारोबारी सौरभ शर्मा के गोकुल नगर स्थित डेयरी से हजार किलो नकली पनीर जब्त किया है।



खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों ने सूचना मिलने पर डेयरी में छापा मारा और यहां लाकर रखे गए लगभग एक हजार किलो पनीर की जांच की। प्रथम दृष्टया ही पनीर नकली नजर आ रहा था। इस दौरान जांच में सामने आया है कि यह पनीर भोपाल और मुरैना से मंगाया गया है और इसे रायपुर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और ओडिशा में सप्लाई किया जा रहा था। इस डेयरी का संचालक सौरभ शर्मा है, जिसे पिछली बार नकली पनीर की बड़ी खेप के साथ पकड़ा गया था। जानकर बताते हैं कि डालडा, स्कीम मिल्क पाउडर पाम ऑयल को मिलाकर पनीर तैयार किया जाता है।

### डेयरी को किया गया सील

अफसरों ने मौके पर पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। फिलहाल रिपोर्ट आने तक डेयरी को सील कर दिया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार सौरभ शर्मा से ही खाद्य सुरक्षा विभाग ने 5100 किलो नकली पनीर जब्त किया था। तब विभाग के कार्यालय से 2400 किलो पनीर गायब हो गया था। जब यह मामला ख़बरों की सुर्खियां बना तब गायब पनीर वापस रख दी गई। इस मामले में खाद्य विभाग के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था।



# फिर बदले गए रायपुर निगम के नेता प्रतिपक्ष

### 10 नगर निगमों में इनकी हुई नियुक्ति

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 10 नगर निगमों के लिए नेता और उपनेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की है। इस निर्णय के तहत रायपुर निगम में कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेता आकाश तिवारी को प्रतिपक्ष बनाया है। वहीं जयश्री नायक को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। बता दें कि इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति के बाद महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने आदेश जारी कर दिया है।

### अंदरुनी कलह आई सामने

रायपुर नगर निगम में महीने भर के अंदर ही नेता प्रतिपक्ष को बदल दिया गया है। कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले आकाश तिवारी को रायपुर नगर निगम का नेताप्रतिपक्ष बनाया गया है। इसके पहले संदीप साहू को जिम्मेदारी दी गई थी। इन्हें हटाकर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया है। बुधवार को जैसे ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ये लिस्ट जारी की पार्टी की अंदरुनी कलह एकबार फिर सामने आ गई और चर्चाएं शुरु हो गईं।

## व्यवसायियों को मिली राहत

### छत्तीसगढ़ में अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन सिस्टम लागू

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिनव कदम उठाते हुए व्यवसायों के लिए अस्थायी बिजली



कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना और कठिन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इस पहल से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि व्यवसायियों को समय और लागत की बचत भी होगी।



## श्याम बिहारी जायसवाल ने ली अहम बैठक

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है, और हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय नवा रायपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए यह बात कही। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल की संरचना और सेवाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

## एक और आयोग में नियुक्ति को मंजूरी

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य की नियुक्ति की गई है। राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष,छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग रमेन डेका द्वारा प्रोफेसर विजय कुमार गोयल,रिटायर्ड प्रिंसिपल संत गोविंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का अध्यक्ष एवं डॉ. व्यास दुबे,सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (सांख्यिकी अध्ययन शाला) को पूर्णकालिक सदस्य (अकादमिक) नियुक्त किया गया है।



## बीएड से ज्यादा डीएलएड हुआ पॉपुलर

### प्रवेश परीक्षा आवेदन में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** शिक्षक बनने की चाह रखने वाले युवाओं के बीच अब डीएलएड पॉपुलैरिटी बीएड से भी ज्यादा हो गई है। 2024 में पहली बार ऐसा हुआ है, जब डीएलएड कोर्स में एडमिशन के लिए बीएड से ज्यादा आवेदन आए हैं। यह रुझान न केवल शिक्षण व्यवस्था में आए बदलाव को दर्शाता है, बल्कि युवाओं के भविष्य की दिशा भी तय करता है।



### इतिहास में पहली बार: डीएलएड के लिए बीएड से ज्यादा आवेदन

छत्तीसगढ़ में राज्य बनने के बाद से अब तक बीएड को ही शिक्षक बनने का मुख्य जरिया माना जाता रहा है। लेकिन 2024 में यह ट्रेंड पूरी तरह बदल गया। बीएड की 14,400 सीटों के लिए जहां 2.55 लाख आवेदन आए, वहीं महज 6,720 डीएलएड सीटों के लिए रिकॉर्ड 3 लाख आवेदन मिले। इससे पहले 2023 में डीएलएड के लिए करीब 1.60 लाख, और 2022 में केवल 91 हजार आवेदन ही आए थे।

क्यों बढ़ी डीएलएड की डिमांड?

डीएलएड की मांग बढ़ने के पीछे एक प्रमुख कारण यह है कि राज्य सरकार ने प्राथमिक शालाओं में सहायक शिक्षक पद के लिए बीएड को अमान्य घोषित कर दिया है। अब सहायक शिक्षक बनने के लिए केवल डीएलएड योग्य माना जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई बीएड डिग्रीधारी युवा भर्ती प्रक्रिया से बाहर रह गए, जिससे यह संदेश गया कि बीएड करने के बावजूद अवसर नहीं मिल रहे। इसके चलते अब विद्यार्थी सीधे डीएलएड कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं। इसके अलावा,प्राथमिक शालाओं में सबसे ज्यादा वैकेंसी निकलती हैं, और यह वही लेवल है जहाँ डीएलएड की आवश्यकता होती है। इस कारण भविष्य में भी डीएलएड की मांग लगातार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### प्रवेश परीक्षा की अहम जानकारियाँ

इस साल बीएड और डीएलएड दोनों पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी सुबह बीएड और दोपहर में डीएलएड।

**ऑनलाइन आवेदन शुरू**
**28 मार्च 2025**
**आवेदन की अंतिम तिथि:**
**25 अप्रैल 2025(शाम 5 बजे तक)**
**त्रुटि सुधार की अवधि**
**26 से 28 अप्रैल 2025**
**प्रवेश परीक्षा की तिथि**
**22 मई 2025**

**परीक्षा केंद्र: सभी 33 जिलों में**

परीक्षा का आयोजन प्रदेश के 33 जिलों में किया जाएगा ताकि सभी अभ्यर्थियों को अपने नजदीकी केंद्र में परीक्षा देने की सुविधा मिल सके।

**कॉलेज और सीटों की स्थिति**

इस समय छत्तीसगढ़ में-
बीएड की कुल सीटें:14,400
डीएलएड की कुल सीटें:6,720
बीएड कॉलेज: 148
डीएलएड संस्थान: 91

यह आंकड़ा दर्शाता है कि सीमित सीटों के बावजूद डीएलएड की डिमांड तेजी से बढ़ रही है, जो आने वाले समय में इन कोर्सेज में विस्तार की संभावना है।

# जल्लाद पड़ोसी ने मां-बेटी को उतारा मौत के घाट



### 48 घंटे में पुलिस ने सुलझाई गुत्थी...

**रायगढ़,17 अप्रैल 2025(ए)।** जिले के पुसौर थाना क्षेत्र के संवरा पारा में मां-बेटी की हत्या की सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। 15 अप्रैल 2025 को उर्मिला संवरा और उनकी बेटी पूर्णिमा संवरा के शव निर्माणाधीन मकान के मलबे में मिले थे। पुलिस ने मात्र 48 घंटों में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर आरोपी पड़ोसी शुभम सेठ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि शुभम सेठ, जो मृतिका के घर के पास किराना दुकान चलाता था। जिसका उर्मिला और पूर्णिमा से कुछ समय से विवाद चल रहा था। इस रंजिश ने शुभम को हत्या की साजिश रचने के लिए उकसाया। 14 अप्रैल की रात शुभम लकड़ी का खुरा लेकर छत के रास्ते पूर्णिमा के घर में घुसा। उसने सोती हुई पूर्णिमा पर ताबड़तोड़ हमला किया। शोर सुनकर जागी मां उर्मिला ने बचाव की कोशिश की, लेकिन शुभम ने खुरे और क्रिकेट बैट से दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी। सबूत मिटाने की कोशिश, फिर रायपुर भागा- हत्या के बाद शुभम ने शवों को निर्माणाधीन मकान में ईंटों के नीचे छिपा दिया। उसने कमरे और सीढ़ियों पर लगे खून को पानी से साफ किया और जनशताब्दी ट्रेन से रायपुर भाग गया। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने उसे भागने का मौका नहीं दिया। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल्स और फॉरेंसिक जांच से पुलिस की टीमें शुभम तक पहुंचीं। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया और हत्या की पूरी कहानी बयां की। पुलिस ने शुभम के बयान के आधार पर खून से सने कपड़े, हत्या में इस्तेमाल खुरा, क्रिकेट बैट और अन्य सबूत बरामद किए है।




# रायपुर और महासमुंद में सीबीआई की 5 ठिकानों पर छापेमारी

**रायपुर,17 अप्रैल 2025 (ए)।** सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने रायपुर, महासमुंद में कुल 5 ठिकानों पर दबिश दी है। इसमें सरकारी डॉक्टर, कोचिंग इंस्टीट्यूट और एक निजी होटल समेत कुल 5 ठिकानों को सीबीआई ने घेरा है।महासमुंद में अभ्यारण के गेस्ट हाउस, सरकारी डॉक्टर के घर रायपुर के फूल चौक स्थित निजी होटल, सिविल लाइन स्थित कोचिंग इंस्टीट्यूट पर सीबीआई की टीमों ने पड़ताल की। इस जांच में अहम दस्तावेज समेत टेक्निकल एविडेंस बरामद करने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि अब तक मिले सबूतों के आधार पर जल्द ही दो और बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। अब तक इस मामले पूर्व चेयरमेन टीएस सोनवानी समेत डेढ़ दर्जन लोग गिरफ्तार हैं। बुधवार को शुरू हुई सभी स्थानों पर कार्यवाही खत्म होने की भी जानकारी सामने आ रही है ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)